RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-260 जयपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026 मूल्य-4 रूपये

पांच राज्यों चुनाव से पहले एक्शन मोड में चुनाव आयोग, पश्चिम बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव-डीजीपी बदले

### आयोग बोला- ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे

नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के कुछ ही घंटों बाद प्रशासन और पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। चुनाव आयोग ने रविवार रात राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पद से हटा दिया। अब दुष्यंत नारियावाला राज्य के नए मुख्य सचिव होंगे और संघमित्रा घोष को नया गृह सचिव बनाया गया है।

पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को ष्ठत्नक्क बनाया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद कोलकाता पुलिस कमिश्नर नियुक्त हुए हैं। राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की IAS अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है।

नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और IGP (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जिन अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है, उन्हें चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनाव से जुड़े पद पर तैनात नहीं किया जाएगा।

### पुलिस विभाग में भी कई बड़े बदलाव

इसके साथ ही पुलिस विभाग में भी कई बड़े बदलाव किए गए हैं। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं 1992 बैच के सिद्ध नाथ गुप्ता को महानिदेशक और सूचना एवं सरकारी प्रमुख (प्रभारी) की जिम्मेदारी मिली है।

प्रशासन ने 1991 बैच के नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा विभाग का महानिदेशक बनाया है। वहीं, 1995 बैच के अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त महानिदेशक और सूचना एवं सरकारी प्रमुख (कानून और व्यवस्था) के पद पर तैनात किया गया है। इन सभी अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### दुश्यंत नरियाला बने नए मुख्य सचिव

नए मुख्य सचिव बनाए गए दुश्यंत नारियावाला वर्ष 1993 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह राज्य सरकार के उत्तर बंगाल विकास विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली है। अतिरिक्त प्रभार के रूप में वह पहले सिंचाई विभाग का कामकाज भी देख चुके हैं। अब नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटाकर आयोग ने दुष्यंत नारियावाला को ही राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है।

### संघमित्रा घोष को मिली गृह सचिव की जिम्मेदारी

वहीं राज्य के नए गृह सचिव के रूप में संघमित्रा घोष को नियुक्त किया गया है। गृह विभाग चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए यह पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

### चुनाव तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया फैसला

चुनाव आयोग ने आदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद वह लगातार प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा कर रहा है। इसी क्रम में यह फैसला लिया गया है। आयोग का कहना है कि चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक बदलाव किए जा रहे हैं।

### हटाए जा सकते हैं डीपीपी और सीपी भी

इस बीच यह भी जानकारी मिल रही है कि पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस कमिश्नर भी हटाए जा सकते हैं। चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। इस दौरान चुनाव आयोग को प्रशासनिक स्तर पर कई विशेष अधिकार मिल जाते हैं। आयोग जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक पदों पर तैनात अफसरों के तबादले या बदलाव का आदेश दे सकता है।

### ममता की दोनों सीटों पर लड़ेंगे सुवेंदु

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 144 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट दिया है। ये दोनों सीटें बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की हैं। सुवेंदु अधिकारी ने 2021 विधानसभा चुनाव में ममता को नंदीग्राम सीट से हराया था। नंदीग्राम में हार के बाद ममता भबानीपुर से उपचुनाव जीती थीं। भबानीपुर सीट ञ्जरूष्ट का मजबूत गढ़ मानी जाती है। ममता 2011 से 2021 तक लगातार यहां से विधायक रही हैं। भाजपा ने डायमंड हार्बर से दीपक कुमार हालदार को टिकट दिया है। यह इलाका ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी के लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर में आता है। अभी यहां से ञ्जरूष्ट के पन्नालाल हलदर विधायक हैं। भाजपा ने बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से टिकट दिया है।

## भारतीय नौसेना ने होर्मुज के पास तैनात किए दो युद्धपोत




### तेल-गैस ला रहे जहाजों को मिली सुरक्षा

नई दिल्ली

भारत की ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए भारतीय नौसेना ने बड़ा कदम उठाया है। नौसेना ने दो टास्क फोर्स यानी युद्धपोतों के विशेष समूह तैनात किए हैं, जो व्यापारिक जहाजों और तेल-गैस लेकर आने वाले टैंकरों को सुरक्षित रास्ता दिलाने में मदद कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये जहाज ईरान के पास स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारत की ओर आते हैं। यह इलाका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस की सप्लाई होती है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत इन जहाजों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं, यानी उनके साथ चलते हुए उन्हें सुरक्षा दे रहे हैं ताकि किसी तरह का खतरा न हो। जरूरत पड़ने पर नौसेना इन जहाजों को हर तरह की सहायता और समर्थन भी दे रही है। सूत्रों का कहना है कि इस कदम का मकसद भारत आने वाले तेल और गैस के जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना और देश की ऊर्जा सप्लाई को बिना रुकावट बनाए रखना है।

**'भारत और अमेरिका के बीच कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं'**

इससे पहले पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत ने अपना रुख साफ किया था। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा के लिए युद्धपोत भेजने को लेकर भारत और अमेरिका के बीच कोई द्विपक्षीय चर्चा नहीं हुई है।

### पाकिस्तान ने अफगान पर एयरस्ट्राइक की

**काबुल।** पाकिस्तान ने सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। उनके मुताबिक हमले के वक्त वहां इलाज करा रहे कई लोग मारे गए और घायल हुए हैं।

## कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत



### मृतकों के परिजन को 25-25 लाख मुआवजा

कटक

ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।

आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के ICU में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

ओडिशा सीए मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है।

श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

## राज्यसभा में एलपीजी संकट पर हंगामा

### खड़गे बोले- सरकार को पहले से पता था, इंतजाम क्यों नहीं किया

नई दिल्ली



बजट सत्र के दूसरे फेज में सोमवार को लोकसभा में पहली बार प्रश्नकाल बिना किसी हंगामे के पूरा हुआ। इधर राज्यसभा में एलपीजी सिलेंडर के संकट को लेकर हंगामा हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित कर रही है। अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात इतने खराब नहीं होते। इस पर भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आपदा में भी राजनीति कर रही है। इसके बाद भी खड़गे ने बोलना जारी रखा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस नेता जवाब नहीं सुनते है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। पार्टी ने चुनाव आयोग के बंगाल के अधिकारियों को हटाने के फैसले का विरोध किया।

### लोकसभा में बिना हंगामे के प्रश्नकाल पूरा हुआ

लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कुछ विपक्षी सांसदों ने अपने मुद्दे तुरंत उठाने की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि उन्हें दोपहर 12 बजे प्रश्नकाल खत्म होने के बाद बोलने का मौका दिया जाएगा।

प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया और गजेंद्र सिंह शेखावत ने सांसदे के सवालों के जवाब दिए। राज्यसभा में कार्यकाल पूरा होने पर रंजन गोगोई को विदाई दी गई।

9 मार्च से शुरू हुए बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले हफ्ते में विपक्ष के विरोध के कारण सुबह 11 बजे से 12 बजे तक होने वाला प्रश्नकाल पूरा नहीं हो पा रहा था।

### ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से कार घुस

मुरादाबाद

मूंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मनकरा मोड़ पर सोमवार की सुबह 6.15 बजे ईंटों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से कार घुस गई। इस हादसे में नैनीताल बैंक के दिल्ली रीजन के रीजनल मैनेजर (आरएम) दयाल सिंह रावत (59), निजी कंपनी के इंजीनियर भुवन भंडारी (35), सीनियर एकाउंटेंट सुंदर सिंह (42) और अनिल नेगी की मौत हो गई जबकि कार चालक योगा टीचर यशदीप पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए।

## पैरोल मामलों में रवैया बदलें अधिकारी: हाईकोर्ट

### बोला- कोस्ट लगाकर अधिकारियों से ही करेंगे वसूली

जयपुर

पैरोल से जुड़े मामलों में बिना आधार के नकारात्मक रिपोर्ट देने के प्रकरणों पर सख्ती दिखाते हुए हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे मामलों में हम अधिकारियों पर कोस्ट लगाएंगे और इसकी राशि संबंधित अधिकारियों से ही वसूल की जाएगी। जस्टिस महेन्द्र गोयल और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ में आज(सोमवार) एसीएस होम भास्कर ए सांवत और डीजीपी राजीव शर्मा वीसी के जरिए पेश हुए। अदालत में डीजीपी ने स्वीकार किया कि करीब 40 प्रतिशत मामलों में बिना आधार के ही मशीनरी तरीके से नकारात्मक रिपोर्ट दे दी जाती हैं।

लेकिन हम अदालत को आश्वस्त करते है कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। इस पर अदालत ने कहा कि अगर भविष्य मे इस तरह के मामलों का रिपीटेशन होता है तो हम संबंधित अधिकारी पर कोस्ट लगाएंगे।

अधिवक्ता गोविंद प्रसाद रावत ने बताया कि एसीएस होम और डीजीपी ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि हम भविष्य में इस बात की बारीकी से निगरानी करेंगे कि पैरोल मामलों का निपटारा मशीनरी तरीके से नहीं, बल्कि लागू नियमों के अनुरूप किया जाए।

वहीं पैरोल के मामलों में सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग और जेल अधिकारियों की राय का उचित ध्यान रखा जाए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद कोर्ट ने दोनों याचिकाओं को निस्तारित कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों पर स्वत: संज्ञान लिया

नई दिल्ली

देशभर में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट एक हफ्ते बाद सुनवाई करेगा। सीजेआई सूर्यकांत की बेंच से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने कहा कि इस मामले में हमने एक स्टेटस रिपोर्ट फाइल की है, जिसे कोर्ट पढ़ ले, इसके बाद मामले पर आगे की सुनवाई करें। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के मामलों में जांच का ज़िम्मा सीबीआई को सौंपा था। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी कोर्ट को बताया था कि डिजिटल अरेस्ट के मामलों से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गृह मंत्रालय के विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) इस समिति के अध्यक्ष हैं।

## ज्वेलरी के लिए बुजुर्ग महिला का गला और पैर काटे

### कट्टे में डालकर झाड़ियों में फेंका शव

नागौर



नागौर में सामान लेने निकली बुजुर्ग महिला की गला और पैर काटकर हत्या कर दी। शव को कट्टे में डालकर गांव के बाहर झाड़ियों में फेंक दिया। आरोपी महिला की करीब 7 लाख रुपए की ज्वेलरी भी लूटकर ले गए। महिला रविवार सुबह से लापता थी। सोमवार सुबह 11:30 बजे उसकी लाश मिली। मामला नागौर पादू कलां थाना क्षेत्र के पंचरडा गांव का है।

SHO उमाशंकर शर्मा ने बताया- जांच में सामने आया कि महिला की हत्या लूट के लिए की गई है। महिला का सिर नहीं मिला है और न ही दोनों पैर के पंजे मिले हैं।

शव के पास मिले मोबाइल से उसकी पहचान हुई। महिला के शरीर पर पहनी हुई ज्वेलरी भी गायब है।

पादू कलां थानाधिकारी उमाशंकर शर्मा ने बताया- पालड़ी गांव निवासी नाथी देवी (70) रविवार सुबह करीब 11 बजे बाजार जाने की कहकर घर से निकली थीं। देर शाम तक घर नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोग उनकी तलाश कर रहे थे।

सोमवार को बकरी चराने वाले युवक ने पचरंडा के कांकड़ क्षेत्र में झाड़ियों में कट्टा पड़ा देखा। उसने कट्टे में झांका तो उसमें महिला का शव नजर आया। इसके बाद उसने दौड़ कर ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी।

### 7 लाख की ज्वेलरी लूटी

नाथी देवी के पोते मुकेश ने बताया कि दादी ने गले में सोने की ठुसी (नेकलेस), कानों में झुमके, पैरों में चांदी के कड़ला, चांदी झड़ा, चांदी का कंदोरा और सोने का बोर पहन रखा था। ये सब गायब हैं। इनकी कीमत करीब 7 लाख रुपए है।

## राजस्थान में 3 दिन आंधी-बारिश का अलर्ट

### गंगानगर और हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे आया

जयपुर



राजस्थान में दो दिन बारिश और ओले गिरने के बाद गर्मी कम हो गई है। सोमवार को राज्य के कुछ शहरों में अधिकतम तापमान सामान्य के नीचे दर्ज हुआ। गंगानगर, हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से कम रहा। रात में भी ठंडक बढ़ने से कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने राज्य में 17 मार्च को मौसम साफ रहने और 18 मार्च से एक स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम का असर 20 मार्च तक रहने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाने के साथ हल्की बारिश, आंधी और कुछ जगहों पर ओले गिरने की संभावना जताई है। 18 मार्च को कुल 8 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

सोमवार को प्रदेश पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में हल्के बादल छाए। बीकानेर, गंगानगर, जैसलमेर, बाड़मेर में हल्के बादल छाने से दिन में धूप कमजोर रही और हल्की हवा चली। गंगानगर में अधिकतम तापमान गिरकर 27.7 डिग्री दर्ज हुआ।

वहीं, हनुमानगढ़ में अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री, चूरू, बीकानेर में 32.8 डिग्री, जैसलमेर-उदयपुर में 34.8 डिग्री, बाड़मेर-चित्तौड़गढ़ में 38.6 डिग्री, जालोर में 35.5 डिग्री, सिरोही में 33.4 डिग्री, जोधपुर में 36 डिग्री, फलोदी में 37.6 डिग्री और कोटा में 36.3 डिग्री दर्ज हुआ।

## विदेश से एमबीबीएस डिग्री वालों को दोबारा करनी होगी पढ़ाई

### जितना ऑनलाइन क्लास में पढ़ा उतना ऑफलाइन पढ़ना होगा

बीकानेर



विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आए स्टूडेंट्स की लिए परेशानी खड़ी हो गई है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने विदेशी मेडिकल छात्रों को दोबारा ऑफलाइन क्लास लेने के आदेश दिए है। यदि ऐसा होता है तो स्टेस्ट मेडिकल काउंसिल परमानेंट रजिस्ट्रेशन नहीं देगी।

काउंसिल का आदेश है कि कोरोना पीरियड में जो पढ़ाई ऑनलाइन की गई थी, उसे अब फिजिकल ऑनसाइट क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग लेनी होगी। एनएमसी सचिव डॉ. राघव लांगर की ओर से सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्टेट मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार को यह आदेश भेजा गया है। यह आदेश 6 मार्च 2025 को जारी हुए है।

इधर, इस आदेश के बाद विदेश से डिग्री लेकर आए स्टूडेंट के लिए परेशानी खड़ी हो गई है। इसे लेकर सोमवार को दिल्ली में एनएमसी के मुख्यालय पर स्टूडेंट्स एकत्र हो रहे हैं। ये स्टूडेंट्स एनएमसी के अधिकारियों से मिलकर नियम में छूट के लिए अपील करेंगे। वहीं इन आदेशों को लेकर FMG स्टूडेंट्स ने एकजुट होने का आंदोलन छेड़ दिया है।

दरअसल, कोराना काल के समय ऑनलाइन पढ़ाई की गई थी। ऐसे में आयोग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि जिन विदेशी मेडिकल छात्रों (स्नस्ब्र) ने अपने कोर्स का कोई हिस्सा ऑनलाइन माध्यम से किया है, उन्हें उसकी भरपाई के लिए फिजिकल ऑनसाइट (ऑफलाइन) क्लास और क्लिनिकल ट्रेनिंग अनिवार्य रूप से करनी होगी। ये आदेश 2020 और 2021 बैच के स्टूडेंट के लिए है।

इसमें 5 मार्च 2026 को जारी पब्लिक नोटिस का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि ऑनलाइन पढ़ाई को केवल तभी मान्यता मिलेगी, जब उसकी भरपाई समान अवधि की ऑफलाइन क्लिनिकल और थ्योरी ट्रेनिंग से की जाए।

इस मामले में कजाकिस्तान के अल्माटी से एमबीबीएस की डिग्री लेकर आई जयपुर की डॉ. किरन का कहना है कि जब इंडिया में ऑनलाइन क्लास को स्वीकार किया गया है तो फिर विदेश की ऑनलाइन क्लास अस्वीकार कैसे हो सकती है? एनएमसी को संवेदनशील होकर काम करना चाहिए।

### स्टेट मेडिकल काउंसिल की होगी मुख्य जिम्मेदारी

NMC ने स्पष्ट किया है कि विदेशी मेडिकल स्नातकों के आवेदन की जांच और स्थायी रजिस्ट्रेशन देने की मुख्य जिम्मेदारी संबंधित स्टेट मेडिकल काउंसिल की होगी, जो राज्य के चिकित्सा शिक्षा निदेशालय के साथ मिलकर सभी दस्तावेजों की जांच करेगी।

इसे लेकर राजस्थान मेडिकल काउंसिल ने 12 मार्च 2026 को आदेश जारी कर दिए है।

# बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर अटकलें तेज, शिवानंद तिवारी के बयान से सियासत गरम

## एनडीए में संभावित बदलाव की चर्चा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति इन दिनों नए मोड़ पर खड़ी नजर आ रही है। मुख्यमंत्री पद को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की प्रक्रिया में आने के बाद से ही सवाल उठने लगे हैं कि उनके बाद बिहार की कमान किसके हाथ में होगी। इस बीच वरिष्ठ समाजवादी नेता शिवानंद तिवारी के एक बयान ने राजनीतिक हलचल और बढ़ा दी है।

दरअसल, शिवानंद तिवारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर दावा किया है कि नीतीश कुमार का राज्यसभा जाना लगभग तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो बिहार का अगला मुख्यमंत्री भाजपा से हो सकता है। तिवारी के मुताबिक भाजपा में जिस नेता का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है, वह सम्राट चौधरी हैं। तिवारी ने पोस्ट करते हुए कहा, कि भाजपा ने पहले की तुलना में संगठन और सरकार में सम्राट चौधरी की भूमिका को काफी मजबूत किया है। फिलहाल वे बिहार सरकार में उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री के रूप में जिम्मेदारी निभा रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि पार्टी के भीतर उनकी पकड़ मजबूत है और केंद्रीय नेतृत्व का भी उन पर भरोसा दिखाई देता है। हाल ही में उन्हें दिल्ली बुलाए जाने की खबरों ने भी इस चर्चा को और बल दिया है।

शिवानंद तिवारी ने बिहार की राजनीति के सामाजिक समीकरणों का जिक्र करते हुए कहा कि 1990 के दशक में जब लालू प्रसाद यादव से राजनीतिक रास्ते अलग हुए तो नीतीश कुमार और जॉर्ज फर्नांडीज ने मिलकर समता पार्टी बनाई थी। उस समय यादव-मुस्लिम समीकरण के मुकाबले एक नया सामाजिक गठबंधन तैयार करने की जरूरत थी। इसी दौर में 'लव-कुश' यानी कुर्मी और कुशवाहा समुदाय का राजनीतिक समीकरण सामने आया, जो आगे चलकर नीतीश कुमार की राजनीति का मजबूत आधार बना।



हाल के दिनों में नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के दौरान भी कुछ राजनीतिक संकेत देखने को मिले हैं। कई कार्यक्रमों में सम्राट चौधरी उनके साथ प्रमुख रूप से नजर आए। पूर्णिया के एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार द्वारा सम्राट चौधरी के कंधे पर हाथ रखकर उन्हें आगे बढ़ाने की घटना को भी राजनीतिक विश्लेषक प्रतीकात्मक संकेत के तौर पर देख रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक जानकार कह रहे हैं कि यदि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़ते हैं तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए के भीतर नई सत्ता व्यवस्था बन सकती है और मुख्यमंत्री पद भाजपा के हिस्से में जा सकता है। हालांकि पार्टी के अन्य नेताओं, जैसे नित्यानंद राय का नाम भी समय-समय पर चर्चा में आता रहा है, लेकिन फिलहाल सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। फिलहाल राज्यसभा चुनाव और आने वाले राजनीतिक घटनाक्रम पर सबकी नजर टिकी हुई है। अंततः यह तय हे कि नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद बिहार की राजनीति में एक बड़े बदलाव की शुरुआत होगी।

# बीजेपी तमिलनाडु में चुनाव से पहले टीवीके को एनडीए गठबंधन में चाहती है जोड़ना

**-एक राज्य के डिप्टी सीएम को बनाया बिचौलिया, विजय चाहते हैं सीएम बनना**

नई दिल्ली (एजेंसी) तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों से पहले बीजेपी और टीवीके के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत आखिरी दौर में है। बीजेपी की कोशिश है कि अभिनेता विजय की पार्टी को एनडीए के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए पार्टी कई रास्तों से विजय से संपर्क कर रही है, जिसमें दूसरे राज्य के एक उपमुख्यमंत्री को बिचौलिया बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट में बीजेपी सूत्रों के हवाले से बताया कि विजय को एक बड़ा ऑफर दिया गया है। अगर गठबंधन चुनाव जीतता है, तो विजय को उपमुख्यमंत्री का पद मिल सकता है।



साथ ही सीटों के बंटवारे को लेकर बीजेपी ने उनकी पार्टी को करीब 80 सीटें देने का प्रस्ताव रखा है। पेंच अभी इस बात पर फंसा है कि विजय खुद सीएम बनना चाहते हैं और इसी मुद्दे पर बातचीत अटकी है। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी को लगता है कि विजय के प्रशंसकों की भारी संख्या तमिलनाडु चुनाव में खेल कर सकती है। रणनीतिकारों का मानना है कि राज्य के कड़े मुकाबले में अगर सिर्फ 2 फीसदी वोट भी इधर-उधर होते हैं, तो जीत-हार का फैसला बदल सकता है। विजय के आने से बीजेपी को राज्य के चुनावी समीकरण अपने पक्ष में मुड़ने की उम्मीद है। दूसरी ओर विजय के करीबी सलाहकारों में इस गठबंधन को लेकर थोड़ी बेचैनी है। उन्हें डर है कि इतनी जल्दी किसी बड़े राष्ट्रीय गठबंधन का हिस्सा बनने से उनकी पार्टी की साख पर बुरा असर पड़ सकता है। विजय ने राजनीति में अपनी पहचान एक नए और स्वतंत्र विकल्प के रूप में बनाई है। सलाहकारों को चिंता है कि बीजेपी से हाथ मिलाने पर उनकी यह अलग पहचान कहीं फीकी न पड़ जाए।

# युद्ध संकट के चलते यूएई जाने वाली एअर इंडिया की दर्जनों उड़ानें रद्द, यात्री परेशान

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य पूर्व में गहराते युद्ध के संकट ने अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। कई देशों द्वारा अपने वायु क्षेत्र (एयरस्पेस) को बंद करने और सुरक्षा कारणों से लगाई गई पाबंदियों का सीधा असर वैश्विक उड़ानों के शेड्यूल पर पड़ा है। इसी क्रम में, संयुक्त अरब अमीरात के एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा जारी नए दिशा-निर्देशों के बाद एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अपनी उड़ानों में भारी कटौती की घोषणा की है। 15 मार्च 2026 के लिए निर्धारित कई एड-हॉक उड़ानों को अचानक रद्द करना पड़ा है, जिससे भारत और यूएई के बीच यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्री विभिन्न हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। एअर इंडिया के अनुसार, दुबई एयरपोर्ट अथॉरिटी के निर्देशों के कारण परिचालन को सीमित करना अनिवार्य हो गया है। दिल्ली-दुबई मार्ग पर एअर इंडिया की पांच में से चार निर्धारित उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और अब केवल एक ही रिटर्न फ्लाइट संचालित होगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जहाँ दुबई के लिए छह में से पांच और अबू धाबी के लिए निर्धारित सभी पांचों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। शारजाह और रास अल खैमाह के लिए दिल्ली, कोच्चि, मुंबई और तिरुवनंतपुरम जैसे शहरों से कुछ सीमित उड़ानें संचालित करने की योजना है, लेकिन कंपनी ने स्पष्ट किया है कि ये भी स्लॉट की उपलब्धता और तत्कालीन सुरक्षा स्थितियों पर निर्भर करेंगी। एयरलाइन ने यात्रियों को सख्त हिदायत दी है कि वे घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच अवश्य कर लें। युद्ध के कारण बिगड़ते हालात ने न केवल यात्रियों की मुश्किलें बढ़ाई हैं, बल्कि खाड़ी देशों के बीच हवाई किराए में भी उछाल आने की आशंका बढ़ गई है।

# ट्रक से टकराई कार की टक्कर लगने से पदयात्रा कर रहे 21 वर्षीय जैन भिक्षु की मौत

**-जैन समाज में शोक व्याप्त, मृतक को न्याय दिलाने की मांग**

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर पालघर जिले के पास रविवार तड़के एक सड़क हादसे में पदयात्रा पर निकले 21 साल के जैन भिक्षु नम्ररत्न विजय महाराज की मौत हो गई। यह दुर्घटना भालीवली गांव के पास उस समय हुई जब तेज रफ्तार कार के चालक ने पीछे से आए ट्रक की टक्कर के बाद नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे पैदल चल रहे भिक्षु नम्ररत्न को टक्कर मार दी।



पुलिस के मुताबिक नम्ररत्न विजय महाराज अपने साथियों के साथ पदयात्रा करते हुए सफाले के प्रतापधाम सतीवली से विरार के आगे स्थित महावीरधाम शिरसाद की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 5:15 बजे जब वे भालीवली पुल के पास पहुंचे, तभी गुजरात की ओर से आ रही कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद कार चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सड़क किनारे चल रहे जैन भिक्षु से जा टकराई। घायल भिक्षु को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। नम्ररत्न विजय महाराज मूल रूप से गुजरात के निवासी थे और उनके निधन से जैन समुदाय में शोक की लहर है। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार चालक मानखुर्द निवासी आकाश ईश्वर आनंदवार है, जबकि ट्रक चालक सूरत का रहने वाला राजू सिंह तोमर है। दोनों चालकों को नोटिस जारी कर पुलिस के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना वाहन चालकों की लापरवाही और तेज गति से गाड़ी चलाने के कारण हुई। मामले की जांच जारी है। इस दुखद घटना के बाद जैन समाज में गहरा शोक व्याप्त है। स्थानीय जैन समुदाय के सदस्यों ने मृतक को न्याय दिलाने की मांग की है। नम्ररत्न विजय महाराज ने 2020 में धर्मसूरी संप्रदाय में दीक्षा ली थी।

# पाली में हाईटेंशन लाइन टूटने से 57 भेड़-बकरियों की मौत, पशुपालकों में मचा हड़कंप

पाली (एजेंसी)। ,राजस्थान के पाली जिले के बाली उपखंड के नाना थाना क्षेत्र में रविवार को एक गंभीर हादसा हुआ। भीमाना गांव की डाग फली में हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार अचानक टूटकर जमीन पर गिर गया। इस दौरान पास ही चर रही भेड़-बकरियों में से 57 की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब स्थानीय पशुपालक अपने मवेशियों को चराने ले गए थे। अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिरा और उसमें प्रवाहित करंट के कारण भेड़-बकरियां इसकी चपेट में आ गईं। तेज करंट लगने से अधिकांश भेड़-बकरियां मौके पर ही दम तोड़ गईं। हादसे के समय वहां मौजूद पशुपालकों ने अपनी जान बचाने के लिए तुरंत वहां से भागना शुरू किया। बताया गया है कि इस दौरान एक पशुपालक को चोट भी आई है, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर है। तार गिरने के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

# दिल्ली में गैस सिलेंडर संकट से हाहाकार, 700 रुपये 'दिहाड़ी' पर लाइन में लगने से हड़कंप

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में रसोई गैस की किल्लत ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हाल के दिनों में गैस एजेंसियों और गोदामों में लंबी कतारों की तस्वीरें सामने आई हैं। शास्त्री पार्क और न्यू सीलमपुर के गोदामों में स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि लोग बुकिंग करने के बजाय खुद सिलेंडर लेने और कतार में खड़े रहने को मजबूर हैं। गोदामों में सुबह पांच-छह बजे से ही लाइनें लगना शुरू हो जाती हैं, जबकि एजेंसियां आधिकारिक तौर पर 9:30 बजे खुलती हैं। सिलेंडर स्टॉक कम होने और अचानक बढ़ी बुकिंग के कारण लोगों में अफरा-तफरी फैल गई है। कई लोग खाली सिलेंडर लेकर सीधे गोदाम पहुंचे और वहां लंबी कतार में खड़े होकर सिलेंडर लेने लगे। गोदाम पर एक मामले ने माहौल और गर्म कर दिया। एक शख्स ने अपने साथी को लाइन में खड़ा करने के लिए 700 रुपये की दिहाड़ी ली। उसने कहा कि वह रोजा रखे है इस कारण उसने अपने लिए लाइन में दूसरे को पैसार देकर खड़ा किया है। इससे आसपास खड़े लोग चौंक गए, लेकिन कई ने इसे व्यवस्था का एक उपाय माना। लोगों की नाराजगी और मुश्किलों की एक वजह डिलीवरी बॉय की भी है। एक डिलीवरी बॉय ने मीडिया को बताया कि बिगड़ते हालात में घर-घर सिलेंडर पहुंचाना जोखिम भरा हो गया है। हाल ही में ब्रह्मपुरी रोड पर सिलेंडर ले जाने वाले डिलीवरी बॉय को बीच रास्ते में रोककर उससे जबरन सिलेंडर लूट लिया गया और 1000 रुपये फेंककर भाग गए।

# मोदी सरकार वांगचुक के परिवार और लद्दाख के लोगों से मांगे माफी



**-कांग्रेस ने सोनम वांगचुक की हिरासत रद्द होने पर कहा- केंद्र सरकार हुई बेनकाब**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार द्वारा जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत की गई गिरफ्तारी को रद्द करने के फैसले पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस ने इसे सरकार का 'यू-टर्न' बताते हुए कहा कि सरकार को वांगचुक ही नहीं, बल्कि लद्दाख के लोगों से भी माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने वांगचुक मामले को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट जारी की है। इसमें उन्होंने कहा, कि छह महीने पहले पूरी तरह से फर्जी आधार पर की गई गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस ने उस समय भी कड़ी आपत्ति जताई थी। अब सरकार द्वारा हिरासत रद्द किए जाने से यह साफ हो गया है कि उसका फैसला गलत था।

यहां बताते चलें कि केंद्र सरकार ने शनिवार को घोषणा की, कि उसने सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत की गई हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक को लगभग छह महीने पहले लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद एनएसए लगाकर गिरफ्तार किया गया था। इन प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कड़ी कार्रवाई की थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर की गई पोस्ट में कहा, कि मोदी सरकार का यह फैसला उसके पहले के रुख से पूरी तरह अलग है। उन्होंने लिखा कि सरकार अब पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और उसे अपनी गलती स्वीकार करते हुए सोनम वांगचुक तथा उनके परिवार से माफी मांगनी चाहिए। इसी के साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि उन सभी लोगों को तुरंत रिहा किया जाए जिन्हें शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के कारण हिरासत में लिया गया था। कांग्रेस नेता का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है और सरकार को इसका सम्मान करना चाहिए। कांग्रेस ने इस पूरे प्रकरण को लेकर केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

# इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध की असली कीमत दुनिया भर के आम लोग चुकाएंगे

## -कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने किया विश्लेषण-युद्ध क्रूर, निरर्थक और मूर्खतापूर्ण होता है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू किए गए सैन्य अभियान के वैश्विक प्रभावों पर चिंता जताते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा है कि इस युद्ध की असली कीमत दुनिया भर के आम लोग चुकाएंगे। उन्होंने अपने विश्लेषण में लिखा कि 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दो सप्ताह के अंदर ईरान को भारी तबाही का सामना करना पड़ा है, लेकिन वह पराजित नहीं हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट में चिदंबरम के मुताबिक युद्ध के शुरुआती चरण में ही ईरान के शीर्ष नेतृत्व को बड़ा नुकसान हुआ, हालांकि इसके बाद देश ने तेजी से नया राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व स्थापित कर लिया। इस बीच अली खामेनेई समेत शीर्ष नेतृत्व पर हमलों के बाद भी संघर्ष जारी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत सनंदाज और इस्फहान जैसे शहरों पर भारी बमबारी की गई, जिसमें हजारों लोग मारे गए या घायल हुए हैं। एक अमेरिकी टॉमहॉक मिसाइल के स्कूल पर हमले से बड़ी संख्या में छात्राओं और शिक्षकों की मौत की हुई है।



उन्होंने कहा कि युद्ध में केवल सैन्य ठिकानों को ही नहीं, बल्कि नागरिक ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। मिसाइल प्रक्षेपण ठिकानों, सैन्य अड्डों, नौसेना की संपत्तियों और हवाई सुरक्षा प्रणाली के साथ-साथ घरों, स्कूलों, अस्पतालों और तेल भंडारण केंद्रों को भी निशाना बनाया गया है। इसके अलावा जल आपूर्ति प्रणाली, विलवणीकरण संयंत्र और अन्य आवश्यक बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है।

चिदंबरम के मुताबिक युद्ध की पृष्ठभूमि में ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने आरोप लगाया था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब पहुंच गया है, हालांकि इस दावे को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम की स्वतंत्र जांच करवाई थी। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की राजनीति में इजराइल की भूमिका और क्षेत्रीय संघर्षों का लंबा इतिहास रहा है। भारत ने 1950 में इजराइल को मान्यता दी थी और 1992 में दोनों देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे, जिसके बाद व्यापार और रक्षा सहयोग में तेजी आई।

चिदंबरम के मुताबिक इस युद्ध का सबसे बड़ा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं, इसका असर भारत समेत कई देशों में एलपीजी और ईंधन की कीमतों पर दिखाई दे रहा है। साथ ही वैश्विक शेयर बाजारों में गिरावट और महंगाई बढ़ने का खतरा भी गहरा गया है। उन्होंने कहा कि युद्ध हमेशा क्रूर और विनाशकारी होता है। मशहूर अमेरिकी सैन्य अधिकारी का हवाला देते हुए चिदंबरम ने कहा कि युद्ध अक्सर क्रूर, निरर्थक और मूर्खतापूर्ण होता है। चिदंबरम ने चेतावनी दी कि यदि संघर्ष लंबा चला तो इसके राजनीतिक, आर्थिक और मानवीय परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश से मिली राहत, राजस्थान और बिहार समेत कई राज्यों में अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली और इसके आसपास के इलाकों में रविवार सुबह हुई अचानक बारिश ने भीषण गर्मी के बीच लोगों को बड़ी राहत दी है। दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी से तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने राजधानी के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए रविवार को दिन भर हल्की बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। इस बदलाव से गर्मी के बढ़ते ग्राफ पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ रहे एक तीव्र पश्चिमी विक्षोभ के कारण आया है। इसके प्रभाव से मध्य पाकिस्तान और उससे सटे पंजाब व हरियाणा के ऊपर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र विकसित हुआ है। इसे इस सीजन की पहली प्री-मानसून बारिश माना जा रहा है, जो सामान्य समय से लगभग 10 दिन पहले आई है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे उच्च तापमान और इस विक्षोभ के मिलन से आंधी-तूफान की स्थिति बनी है, जिससे अगले दो दिनों तक दिल्ली, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है।

# अहमदाबाद विमान हादसा: अमेरिकी सुरक्षा संगठन ने जांचकर्ताओं पर लगाए दस्तावेज छिपाने के आरोप

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** जून 2025 में हुए भीषण अहमदाबाद विमान हादसे की जांच एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गई है। अमेरिका के एक प्रमुख हवाई सुरक्षा संगठन, एविएशन सेफ्टी फाउंडेशन ने सनसनीखेज दावा किया है कि इस दुर्घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जांच अधिकारियों को सौंपे ही नहीं गए थे। संगठन का कहना है कि इन तथ्यों के अभाव में की गई जांच की विश्वसनीयता पर बड़े सवाल खड़े होते हैं।

पियरसन ने विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (रजिस्ट्रेशन वीटी-एएनबी) का जिक्र करते हुए कहा कि उपलब्ध दस्तावेजों से पता चलता है कि इस विमान के इलेक्ट्रिक सिस्टम में काफी समय से गंभीर खराबी चल रही थी। उनके अनुसार, दुर्घटना का शिकार होने से पहले इस विमान में बार-बार शॉर्ट सर्किट होने, धुआं निकलने और वायरिंग में दिक्कतों की शिकायतें दर्ज की गई थीं।दावे के मुताबिक,



विमान को उसके परिचालन के दौरान कई बार इलेक्ट्रिक फाल्ट की वजह से आपातकालीन स्थिति में उतारा भी जा चुका था। पियरसन ने यह भी खुलासा किया कि विमान का पी100 पावर पैनल कई बार बदला गया था, जो कि एक असामान्य बात है। उन्होंने तकनीकी पक्ष रखते हुए बताया कि विमान के बाएं इंजन से बिजली की आपूर्ति होती थी और इस पूरे सिस्टम को तत्काल डिजाइन मोडिफिकेशन और सॉफ्टवेयर प्रोटेक्शन की जरूरत थी, जिसे नजरअंदाज किया गया। अमेरिकी विशेषज्ञ ने जांच प्रक्रिया की आलोचना करते हुए कहा कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने घटना से नौ महीने पहले तक सुधार के लिए कोई ठोस सिफारिश नहीं की थी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि जांचकर्ताओं ने पूरे मामले को एक खास दिशा में मोड़ दिया और ऐसा नैरेटिव (विमर्श) तैयार किया जिससे हादसे की पूरी जिम्मेदारी तकनीकी खामी के बजाय पायलटों पर डाल दी गई। इन नए खुलासों के बाद अब विमानन क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग फिर से तेज होने लगी है। बता दें कि जून 2025 में हुए इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 260 लोगों की जान चली गई थी। अब इस मामले में नया मोड़ देते हुए एविएशन सेफ्टी फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ईडी पियरसन ने जांचकर्ताओं को एक ईमेल भेजा है। पियरसन का दावा है कि उनके हाथ कुछ ऐसे गुप्त दस्तावेज लगे हैं, जो स्पष्ट रूप से संकेत देते हैं कि विमान दुर्घटना का असली कारण इलेक्ट्रिक फेल्योर (बिजली की विफलता) था।

# विपक्ष की मांग: पश्चिम एशिया संकट पर संसद में हो सकती है चर्चा, अभी तक केंद्र की थी चुप्पी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उसके भारत पर संभावित प्रभाव को लेकर संसद में बहस की मांग तेज हो गई है। विपक्ष ने दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की है। वहीं सरकार ने इस मांग पर विचार करने की बात कही है। शनिवार को सत्ता प्रतिष्ठान में इस पर मंथन हुआ। उम्मीद है कि संसदीय कार्य मंत्रालय के माध्यम से सोमवार को लोकसभा स्पीकर को इस बात की आधिकारिक सूचना दे दी जाएगी। उसके बाद बिजनेस एडवाइजरी कमेटी में दिन, समय निश्चित किया जाएगा। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारत की अर्थव्यवस्था और यहां रहने वाले लोगों के जीवन पर भी पड़ सकता है। इसलिए इस विषय पर संसद में विस्तृत चर्चा की मांग विपक्ष के पुरजोर



तरीके से रखी थी। सरकार की ओर से फिलवक्त तक इस विषय को लेकर चुप्पी है। विपक्ष के एक नेता ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने सुझाव दिया है कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर नियम 193 के तहत अल्पकालिक चर्चा कराई जा सकती है, जिसके माध्यम से सांसद तत्काल और महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रख सकते हैं।

जानकारी के मुताबिक सरकार ने विपक्ष को यह भी बताया कि वह कुछ मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा के लिए तैयार है। इनमें रेल मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और गृह मंत्रालय शामिल हैं। राज्यसभा में पहले ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हो चुकी है। सरकार ने संकेत दिया है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा खेल मंत्रालय के कामकाज पर भी चर्चा कराई जा सकती है।कुल मिलाकर संसद के आगामी सत्र में पश्चिम एशिया की स्थिति, मंत्रालयों के कामकाज पर चर्चा और लंबित विधेयकों को पारित कराने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे केंद्र में रहने वाले हैं। विपक्ष जहां सरकार को जवाबदेह बनाने की कोशिश कर रहा है, वहीं सरकार विधायी कार्यों को समय पर पूरा कराने पर जोर दे रही है।

# तेल, गैस के बाद अब भारत की इंटरनेट व्यवस्था को चोट पहुंच सकता हैं मिडिल ईस्ट में जारी तनाव

**-समुद्र के नीचे बिछी फाइबर-ऑप्टिक्स केबल्स को नुकसान होने का खतरा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिडिल ईस्ट में लगातार बढ़ते तनाव के बीच में एक नया खतरा सामने दिख रहा है, जिसका बहुत बड़ा असर भारत पर पड़ सकता है। दरअसल, तनाव का असर दुनिया की इंटरनेट व्यवस्था को भी पड़ सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ इलाके में संघर्ष बढ़ता है, तब उस इलाके के समुद्र के नीचे बिछी फाइबर-ऑप्टिक्स केबल्स को नुकसान पहुंच सकता है। ये वहीं केबल्स हैं, जिससे दुनिया का ज्यादातर इंटरनेट डेटा गुजरता है।

बात दें कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। इस रास्ते से बड़ी मात्रा में तेल गुजरता है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि समुद्र की सतह के नीचे यहां से कई महत्वपूर्ण इंटरनेट केबल्स भी गुजरती हैं। ये केबल्स एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप को डिजिटल रूप से जोड़ती हैं। एक के अनुसार भारत से यूरोप को जोड़ने वाली कई बड़ी केबल्स इसी क्षेत्र से होकर गुजरती हैं। इसलिए यह इलाका भारत के लिए भी डिजिटल कनेक्टिविटी का बेहद अहम कॉरिडोर माना जाता है।

इंटरनेट कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए दुनिया की बड़ी टेक कंपनियां और टेलीकॉम ऑपरेटर लगातार नए अंडरसी केबल नेटवर्क में निवेश कर रहे हैं। हाल ही में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने नई दिल्ली की यात्रा के दौरान इंडिया-अमेरिका कनेक्ट प्रोजेक्ट की घोषणा की। इसका मकसद भारत को वैश्विक डिजिटल नेटवर्क से और मजबूत तरीके से जोड़ना है।

रिपोर्ट के मुताबिक भारत का लगभग एक-तिहाई पश्चिम दिशा की इंटरनेट ट्रैफिक इन्हीं केबल्स के जरिए गुजरती है। इसका मतलब अगर इस क्षेत्र में कोई बड़ी रुकावट आती है, तब भारत और यूरोप के बीच डेटा ट्रांसमिशन प्रभावित हो सकता है। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि वैश्विक इंटरनेट नेटवर्क में बैकअप सिस्टम भी मौजूद हैं।

इस पूरे मामले से जुड़े एक जानकार ने कहा, समुद्री केबल्स में रेडंडेंसी होती है। अगर एक केबल कट भी जाए, तब डेटा दूसरे रास्तों से भेजा जा सकता है, लेकिन अगर कई केबल्स एक साथ प्रभावित हो जाएं, तब बाकी रूट्स पर ज्यादा लोड पड़ जाएगा। इसके बाद इंटरनेट की स्पीड स्लो हो सकती है और सर्विस में दिक्कतें आ सकती हैं।

उन्होंने कहा कि इसका असर तुरंत दिखाई नहीं देगा। दुनिया भर में इंटरनेट सर्वर रिजर्व में रखे जाते हैं। भारत के पास भी इसतरह के सिस्टम हैं। इस कारण कम से कम एक हफ्ते तक बड़ा असर देखने को नहीं मिलेगा। इसके अलावा अटलांटिक महासागर से आने वाले केबल्स भी विकल्प के रूप में मौजूद हैं।

एक अन्य जानकार ने कहा कि, अभी तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पर कोई असर नहीं पड़ा है, लेकिन अगर केबल्स काट दी गईं या टेलीकॉम और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ, तब स्थिति गंभीर हो सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक भारत का अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट ट्रैफिक मुख्य रूप से दो बड़े गेटवे से बाहर जाता है। एक मुंबई में और दूसरा चेन्नई में। मुंबई के रास्ते जाने वाला डेटा अरब सागर और खाड़ी क्षेत्र से होकर यूरोप तक पहुंचता है, इसलिए इस इलाके में किसी भी तरह की गड़बड़ी भारत के डिजिटल नेटवर्क को प्रभावित कर सकती है।

साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ ने बताया कि दुनिया का इंटरनेट सैटेलाइट्स से नहीं बल्कि समुद्र के नीचे बिछी केबल्स से चलता है। उन्होंने कहा, दुनिया के 99 प्रतिशत से ज्यादा डेटा अंडरसी फाइबर-




ऑप्टिक केबल्स से गुजरता है। यही डिजिटल अर्थव्यवस्था की असली रीढ़ हैं। साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ के मुताबिक रेड सी और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ के आसपास का इलाका आज दुनिया का अहम डिजिटल हाईवे बन चुका है। अगर यहां कोई रुकावट आती है, तब इंटरनेट सर्विसेज़ स्लो हो सकती हैं और ग्लोबल कनेक्टिविटी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि युद्ध की स्थिति में ये केबल्स बेहद असुरक्षित हो जाती हैं। उनके मुताबिक, अब दुनिया एक नए सीबेड इंफ्रास्ट्रक्चर वॉर की तरफ बढ़ रही है। जैसे तेल पाइपलाइन और समुद्री रास्ते रणनीतिक संपत्ति माने जाते हैं, वैसे ही अब इंटरनेट केबल्स भी वैश्विक शक्ति संतुलन का अहम हिस्सा बन गए हैं।

# मीडिया की खबर का असरः निवाई नकली घी फैक्ट्री मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर एपीओ

**डिग्गी में नकली दूध और निवाई में नकली घी फैक्ट्री छापामार प्रकरण में अनियमितताओं पर कार्रवाई-आयुक्तालय जयपुर ने जारी किया आदेश**

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सामने आए मामलों के बीच प्रशासनिक जवाबदेही तय होने लगी है। मीडिया में लगातार उठ रहे सवालों के बाद निवाई क्षेत्र में नकली घी फैक्ट्री में की गई छापामार कार्रवाई की जांच में अनियमितता बरतने के आरोपों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर को एपीओ कर दिया गया है। अब उनका मुख्यालय आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, जयपुर रहेगा।

आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान, जयपुर की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर मूल पद लेब टेक्नीशियन स्थान टोंक को तत्काल प्रभाव से टोंक से हटाकर जयपुर मुख्यालय में एपीओ किया गया है। आदेश पर आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला (आईएएस) के डिजिटल हस्ताक्षर हैं।



### निवाई में नकली घी फैक्ट्री पर छापे के बाद उठे थे सवाल

गौरतलब है कि बीते दिनों 5 मार्च 2026 को टोंक की जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) व खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा निवाई क्षेत्र में नकली घी बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा गया था। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में 500 किलो से भी ज्यादा नकली घी और नकली घी बनाने के उपकरण बरामद होने की जानकारी सामने आई थी। लेकिन इस मामले में स्थानीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की जांच और कार्रवाई को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। आरोप था कि फैक्ट्री की जांच में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को नजरअंदाज किया गया और संबंधित जिला स्पेशल टीम सहित खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संदिग्ध व सौतेली कार्यवाही की भूमिका संदेह के घेरे में आई थी।

### डिग्गी में नकली दूध फैक्ट्री मामले में पहले हो चुकी है कार्रवाई

इससे पहले 3 फरवरी 2026 को डिग्गी क्षेत्र में नकली दूध बनाने की फैक्ट्री पकड़े जाने के मामले में भी जांच सेंपल में अनियमितताओं का हवाला देते हुए मालपुरा व टोडारायसिंह व पीपलू क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा अधिकारी मदनलाल गुर्जर को एपीओ किया गया था। दोनों मामलों में एक ही जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की दो अलग-अलग फैक्ट्रियां पकड़े जाने और उसके बाद जांच में लापरवाही सामने आने से खाद्य सुरक्षा विभाग की पक्षपातपूर्ण रवैया की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए थे।

### मीडिया में खबर के बाद हरकत में आया विभाग

निवाई नकली घी फैक्ट्री छापामार प्रकरण में कार्रवाई को लेकर लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठने से प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे थे। दैनिक स्मार्ट हलचल में खबर प्रकाशित होने के बाद मामला उच्च स्तर तक पहुंचा। सूत्रों के अनुसार, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग गायत्री राठौड़ के निर्देश पर पूरे प्रकरण की समीक्षा की गई, जिसके बाद आयुक्तालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग राजस्थान जयपुर ने कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी निवाई सत्यनारायण गुर्जर को एपीओ कर दिया।

### जिले में मिलावटखोरी पर कड़ी निगरानी की जरूरत

टोंक जिले में लगातार सामने आ रहे मिलावटी दूध और घी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के मामलों ने आम लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहे खिलवाड़ पर गंभीर खतरा खड़ा कर दिया है। साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि यदि संबंधित खाद्य सुरक्षा अधिकारी की विभागीय निगरानी व्यवस्था प्रभावी होती तो इतनी बड़ी अवैध फैक्ट्रियां संचालित ही नहीं हो पातीं। प्रशासनिक हलकों में अब चर्चा है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग आने वाले दिनों में इन मामलों की गहन जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों और मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई कर सकता है।

# होर्मुज से भारतीय जहाजों की निकासी ने लगाई कारगर विदेश नीति पर मुहर

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** ईरान-इजरायल-अमेरिका तनाव के बीच भारत ने होर्मुज स्ट्रेट से अपने एलपीजी टैंकरों (जैसे- शिवालिक, नंदा देवी) की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कर शानदार कूटनीतिक जीत हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईरानी नेतृत्व से बातचीत और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के नेतृत्व में ईरान से निरंतर सीधे संवाद के जरिए भारत अपने जहाजों को सुरक्षित निकाल पाया है। इस कदम ने भारत की ऊर्जा आपूर्ति को तो सुरक्षित रखा ही है, साथ ही यह भारत की 'स्वतंत्र विदेश नीति' और 'न्यू इंडिया' की बढ़ती ताकत को भी दर्शाता है।

हालिया मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 16 मार्च को भी एक तीसरा भारतीय जहाज इस रास्ते से निकला है। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फारस की खाड़ी क्षेत्र में पिछले दो हफ्तों से अधिक समय से व्याप्त भारी तनाव के बावजूद, भारत ने ईरान के साथ कूटनीतिक चैनल खुले रखे, जिससे भारतीय जहाजों को विशेष अनुमति मिली। इस संघर्ष के बीच भारत ने किसी एक पक्ष में जाने के बजाय, बातचीत के जरिए अपने हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।



विदेश मंत्री जयशंकर ने एक अंग्रेजी अखबार को दिए अपने एक हालिया इंटरव्यू में कहा है कि ईरान के साथ सीधी बातचीत से भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने में मदद मिली है। उन्होंने कहा मैं फिलहाल उनसे (ईरान) बातचीत कर रहा हूं और इस बातचीत के कुछ नतीजे मिले हैं। जयशंकर इससे पहले फोन पर चार बार अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से बात कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहली ने बीते सप्ताह शुक्रवार को कहा था कि भारत और ईरान मित्र देश हैं और क्षेत्र में साझा हित रखते हैं। उन्होंने कहा था कि मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों को जल्द ही सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जा सकती है।

इसे भारत की सफल विदेश नीति एवं बड़ी कूटनीतिक जीत इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि इस समुद्री रास्ते पर विभिन्न देशों के सैकड़ों जहाज फंसे हुए हैं और अभी तक रूस और चीन (दोनों ईरान के करीबी सहयोगी) के अलावा केवल भारत ही ऐसा देश है, जिसके जहाज यहां से निकल पाए हैं। इस घटना ने साबित किया है कि भारत अपनी सक्रिय और व्यावहारिक कूटनीति से भू-राजनीतिक संकटों के बीच भी अपने नागरिकों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

# बबूल की टहनियां काटते समय रस्सी में उलझा किशोर, दर्दनाक हादसे में मौत

स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** थाना क्षेत्र के पीपली गांव में रविवार देर शाम खेत पर काम करते समय एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।बबूल के पेड़ की टहनियां काटते समय टहनियों को साइड में गिराने के लिए बांधी गई रस्सी में उलझने से किशोर के गले में फंदा लग गया,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।जानकारी के अनुसार पीपली निवासी सत्यनारायण दारोगा (16) पुत्र मिश्रीलाल दारोगा रविवार शाम अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था। फसल पर छाया पड़ने के कारण वह खेत में खड़े बबूल के पेड़ पर चढ़कर उसकी टहनियां काट रहा था।टहनियों को एक तरफ गिराने के लिए पेड़ से रस्सी बांधी हुई थी।इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरने लगा और टहनियों को हटाने के लिए बांधी गई रस्सी में उलझ गया,जिससे उसके गले में फंदा लग गया।घटना का पता उस समय चला जब चाचा नारायण सिंह दारोगा शाम करीब 6 बजे खेत पर चाय लेकर पहुंचे।वहां का दृश्य देखकर उन्होंने शोर मचाया, जिस



पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी।सूचना मिलने के बाद मंगरोप थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची।परिजन और ग्रामीण घायल किशोर को तुरंत जिला चिकित्सालय ले गए,जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।आरपीएस प्रोबेशनर नेहा राव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किशोर खेत में कृषि कार्य के दौरान बबूल के पेड़ से गिरते समय रस्सी में उलझ गया, जिससे उसके गले में फांसी लग गई और उसकी मौत हो गई।सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हाईवे पर जाल बिछाकर दो कारों से 414 किलो डोडा-पोस्त जब्त, पंजाब का एक तस्कर गिरफ्तार, एक निरुद्ध

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स भीलवाड़ा की टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुख्ता मुखबिरी के आधार पर एनएच-48 जयपुर-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर पुर थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर पुलिस ने दो लग्जरी कारों से भारी मात्रा में अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया है। इस कार्रवाई में पंजाब के एक तस्करों को गिरफ्तार और एक नाबालिग को निरुद्ध लिया गया, जबकि तीसरा व्यक्ति मौके से फरार हो गया।।

### झाड़ियों में छिपकर किया तस्करों का इंतजार


एएनटीएफ टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़ की ओर से दो कारें (एक स्कॉर्पियो और



एक ओरा) आगे-पीछे चल रही हैं, जिनमें बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ भरकर पंजाब ले जाया जा रहा है। सूचना पर एएनटीएफ चौकी प्रभारी अयुब खां के साथ टीम तुरंत सक्रिय हुई और हाईवे पर रणनीतिक रूप से दोनों तरफ झाड़ियों की आड़ में छिपकर तस्करों के जाल में फंसने का इंतजार करने लगी।

### स्टॉप स्टिक की मदद से घेरा

जैसे ही हाईवे पर संदिग्ध स्कॉर्पियो और बिना नंबरी ओरा कार दिखाई दी, पुलिस टीम ने



'स्टॉप स्टिक' की मदद से उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। तलाशी लेने पर वाहनों में करीब 414 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त भरा मिला। पुलिस ने मौके से स्कॉर्पियो और बिना नंबर की ओरा कार को जब्त कर लिया है।

### ये हुए गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है इनमे अरुण सिंह (20) पुत्र बलविन्द सिंह, रविदास सिख निवासी जगराव, जिला लुधियाना, पंजाब जबकि एक एक 17 वर्षीय नाबालिग को निरुद्ध किया गया।

### चित्तौड़गढ़ से पंजाब ले जा रहे थे खेप

प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने स्वीकार किया कि वे यह खेप चित्तौड़गढ़ से भरकर पंजाब ले जा रहे थे। फरार आरोपी का नाम करमजीत सिंह बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी कन्हैयालाल, एएनटीएफ चौकी प्रभारी अयुब खां, एएसआई जमना लाल, आजाद सिंह, विक्रम सिंह और चालक मनोज कुमार की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और मुख्य सरगना की तलाश में जुट गई।

# कमल रेस्टोरेंट से तेल, मिर्च व हल्दी पाउडर के लिए नमूने, जारी किया नोटिस

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लगातार निरीक्षण एवं सैम्पलिंग की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को चित्तौड़गढ़ रोड स्थित कमल रेस्टोरेंट पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टीम ने रेस्टोरेंट में उपयोग में लिए जा रहे खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान रेस्टोरेंट से खाद्य तेल, लाल मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर के नमूने लेकर विधिवत सील किए गए। इन नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था समुचित नहीं पाई गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव ने संचालक को स्वच्छता बनाए रखने तथा खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने के



निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्था नहीं होने पर रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि जिले में मिलावटखोरी एवं अस्वच्छ खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी गुणवत्ता, पैकेजिंग एवं निर्माण/समाप्ति तिथि की जांच अवश्य करें। किसी भी प्रकार की मिलावट की आशंका होने पर तुरंत विभाग को कार्यालय के दूरभाष नंबर 01482-232643 पर सूचना दी जा सकती है।

# मोरबी सिरेमिक उद्योग बंद, गंगापुर खनिज उद्योग की सैकड़ो औद्योगिक इकाईयां हुई बंद

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

अमेरिका इजरायल ईरान युद्ध का सीधा असर मोरबी की सेरेमिक इंडस्ट्री टाइल्स बनाने का काम पूरी तरह ठप होने लगा है जिस कारण गंगापुर खनिज उद्योग की सैकड़ो औद्योगिक इकाइयां लगभग पूरी तरह से बंद हो गई है। हजारों लोगों बेरोजगार हो गए हैं। गंगापुर खनिज उद्योग संघ के सदस्य दीपक चौधरी ने बताया कि यहां से क्वार्टर्स, फेल्सपार की सैकड़ो औद्योगिक इकाइयां मौजूद है। जो यहां कच्चा माल तैयार करके गुजरात के मोरबी भेजते हैं। वहां पर टाइल्स बनकर देश विदेश के विभिन्न जगह जाता है। युद्ध के कारण हार्मोन स्टेट बंद होने से खाडी के देशों से आने वाली गैस बंद हो गई है। जिस कारण मोरबी का सिरामिक उद्योग चल नहीं रहा है। उनकी फैक्ट्री बंद हो गई है। जिसका असर हमारी औद्योगिक इकाइयों पर भी पड़ा है। हमारा यहां से कच्चा माल पाउडर के रूप में तैयार करने के बाद गुजरात जाता है। वहां पर गैस सप्लाई बंद होने से मोरबी में सेरेमिक टाइल्स बन नहीं पा रही है। जिससे हमारा माल जा नहीं रहा है। इस कारण हमारी औद्योगिक इकाई अभी बंद हो गई है और हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं। हमारी औद्योगिक इकाइयों से जुड़ी हुई माइंसे भी बंद हो रही है। वहां पर काम करने वाले लोगों पर रोजगार का संकट मंडरा रहा है। खनिज उद्योग अमेरिकी टैरिफ से उभरा भी नहीं और यह दूसरा झटका लग गया। ट्रांसपोर्टर कानाराम ने बताया कि मोरबी बंद होने से हमारे गाड़ियों के भी चक्के जाम हो गए हैं। माल नहीं मिलने के कारण गाड़िया बंद पड़ी हुई है।

### मालोला चौराहे के पास निगम की बड़ी कार्यवाही

# भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त हुई 15 करोड़ की बेशकीमती सरकारी जमीन, बेचने की फिराक में थे भूमाफिया

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के सौ फीट रोड स्थित मालोला चौराहे के पास भू-माफियाओं द्वारा किए गए करोड़ों के अतिक्रमण पर नगर निगम ने कड़ा प्रहार किया। करीब 15 करोड़ रुपये मूल्य की बेशकीमती सरकारी भूमि को निगम की टीम ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण मुक्त कराया।

जानकारी के अनुसार, मालोला चौराहे के पास स्थित इस बेशकीमती एक बीघा दो बिस्वा जमीन पर पिछले कुछ समय से भू-माफियाओं की नजर थी। माफियाओं ने योजनाबद्ध तरीके से यहाँ अवैध निर्माण और बाउंड्री वॉल खड़ी कर जमीन को अपने कब्जे में ले लिया था। स्थानीय स्तर पर जमीन की बढ़ती कीमतों को देखते हुए इसे खुर्द-बुर्द करने की तैयारी चल रही थी।

शिकायत की पुष्टि होने के बाद नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते की टीम बुलडोजर (जेसीबी) और संसाधनों के साथ मौके पर पहुँची। शुरुआत में कुछ लोगों ने विरोध



करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के आगे भू-माफियाओं के हौसले पस्त हो गए। निगम की टीम ने अवैध रूप से बनाए गए ढांचों और घेराबंदी को ध्वस्त कर दिया।

नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। निगम अब शहर के अन्य हिस्सों में भी चिह्नित की गई जमीनों से अतिक्रमण हटाने की योजना बना रहा है। इस कार्रवाई के बाद से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कार्यवाही के दौरान सुरेश गर्ग सहायक अभियंता, रामेश्वर गुर्जर कनिष्ठ अभियंता, अतिक्रमण प्रभारी संजय खोखर सहित निगम का जाप्ता ओर गांधी नगर थाने का जाप्ता मौजूद रहा।

# पहले लॉरेंस गैंग का नाम लेकर दी धमकी, अब आरडीएक्स के साथ आतंकी साजिश में गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** हरियाणा के अंबाला में 2 किलो आरडीएक्स और आईईडी के साथ गिरफ्तार किए गए अजमेर निवासी अली अकबर उर्फ बाबू का आपराधिक रिकॉर्ड पहले भी सामने आ चुका है। करीब चार साल पहले उसने अजमेर के एक गेस्ट हाउस मालिक को लॉरेंस गैंग का नाम लेकर धमकी दी थी। उस समय पीसांगन थाना पुलिस ने उसे शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर पाबंद किया था। बुधवाड़ा निवासी गेस्ट हाउस मालिक इकबाल अहमद ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में अपना गेस्ट हाउस अली अकबर के भाई को लीज पर दिया था। दो-तीन महीने का किराया बकाया रहने पर उन्होंने गेस्ट हाउस खाली करवा लिया। इसके बाद अली अकबर का फोन आया और उसने धमकाते हुए कहा, 'तू मुझे जानता नहीं है, मैं लॉरेंस गैंग से जुड़ा हूं। इतने में ही समझ जाना, वरना ठीक नहीं होगा।' इसके बाद उन्होंने पीसांगन थाने में मामला दर्ज कराया था।

सुरक्षा एजेंसियों ने 13 मार्च को अंबाला से अली अकबर और उसके दो साथियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से 2 किलो आरडीएक्स, आईईडी और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद हुई। जांच में सामने आया कि पाकिस्तान में बैठे आतंकी शहजाद भट्टी के इशारे पर ड्रोन के जरिए अमृतसर (पंजाब) में आरडीएक्स और अन्य सामान भेजा गया था। आरोपियों की पहली साजिश राजस्थान के हनुमानगढ़ में बम धमाका करने की थी। आईईडी वहां पहुंचा दी गई थी, लेकिन समय



पर आरडीएक्स नहीं पहुंचने के कारण उनकी योजना नाकाम हो गई। इसके बाद आईईडी वापस मंगवा ली गई। आरोपियों ने हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के कई इलाकों की रेकी कर वीडियो भी भेजे, ताकि नया टारगेट तय किया जा सके।

अजमेर के दिल्ली गेट लोंगिया मोहल्ला निवासी अली अकबर शहर में ऑटो चलाता था। उसके पिता मोहम्मद रमजान रोडवेज में कंडक्टर थे और अब रिटायर हो चुके हैं। बड़ा भाई अली असगर एक गेस्ट हाउस में नौकरी करता है। अली अकबर की पत्नी और दो बच्चे हैं।

अली अकबर के भाई अली असगर ने बताया कि 8 मार्च की सुबह करीब 6 बजे वह घर से यह कहकर निकला था कि जयपुर होते हुए दिल्ली घूमने जा रहा है। 14 मार्च को न्यूज देखने के बाद ही परिवार को उसकी गिरफ्तारी की जानकारी मिली। अली असगर ने कहा कि देश जो भी सजा देगा, उन्हें मंजूर है। साथ ही उन्होंने मांग की कि जांच में यह भी सामने लाया जाए कि उसे आतंकी गतिविधियों से किसने जोड़ा और किस तरह लालच देकर फंसाया गया। फिलहाल अदालत ने तीनों आरोपियों को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है और एजेंसियां उनसे पूछताछ कर पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी हैं।

# भीलवाड़ा में बढ़ती गैस सिलेंडर की कीमतों और आपूर्ति में कमी के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, सड़क पर चूल्हा जलाकर जताया विरोध, जमकर लगाए नारे पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में कमी को लेकर भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस देहात अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रामलाल जाट के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया, वहीं महिला कार्यकर्ताओं ने लकड़ी का चूल्हा जलाकर महंगाई के विरोध में प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने सरकार से



रसोई गैस के बढ़े हुए दाम तुरंत वापस लेने की मांग की। साथ ही पंचायत राज चुनाव जल्द कराने की भी मांग उठाई। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली भी निकाली गई।

कांग्रेस देहात अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और



राहुल गांधी के निर्देश पर कांग्रेस देशभर में किसानों, मजदूरों और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को उठा रही है। 2014 के बाद भारतीय जनता पार्टी ने पेट्रोल-डीजल सस्ता करने, लोगों के खातों में 15 लाख रुपये देने और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे कई वादे किए थे, लेकिन इनमें से कोई भी वादा पूरा नहीं हुआ। उनका कहना था कि महंगाई और आर्थिक नीतियों के कारण आम आदमी पर भारी बोझ पड़ा है। पंचायत राज चुनाव को लेकर भी जाट ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के तहत पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत किया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार चुनाव टालकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर रही है। उनके अनुसार पंचायत चुनाव नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और आम जनता को नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदेश में उद्योग, व्यापार, किसान और मजदूर सभी परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि यदि आज चुनाव हो जाएं तो जनता भारतीय जनता पार्टी को जवाब देने के लिए तैयार है।

# भीलवाड़ाः 412 साल पुरानी परंपरा अब 'मांडल महोत्सव' के रूप में, मंगलवार शाम को 413 वा नाहर नृत्य का होगा भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** भीलवाड़ा जिले के मांडल कस्बे की 400 साल से अधिक पुरानी ऐतिहासिक परंपरा नाहर नृत्य इस वर्ष भव्य रूप में मांडल महोत्सव के रूप में आयोजित की जाएगी। मंगलवार शाम को मांडल के शेषसहाय मंदिर के सामने नाहर नृत्य की प्रस्तुति होगी, बाद में रात्रि 8 बजे मांडल के स्टेडियम में प्रस्तुति होगी। बताया जाता है कि इस नृत्य की शुरुआत मुगल बादशाह शाहजहां के मनोरंजन के लिए करीब 412 वर्ष पहले हुई थी, जो आज भी निरंतर परंपरा के रूप में जीवित है। राजस्थान के मेवाड़ का प्रवेश द्वार कहलाने वाला भीलवाड़ा अपनी अनोखी लोक परंपराओं और रीति-रिवाजों के कारण विशेष पहचान रखता है। मलखंभ पूजा, वैशाख नंदन गधों की पूजा, शीतला सप्तमी पर जीवित व्यक्ति की अर्थी निकालने जैसी परंपराओं के बीच मांडल का नाहर नृत्य ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।

### 400 साल से जीवित है नाहर नृत्य की परंपरा

मांडल में यह नृत्य वर्ष में केवल एक बार आयोजित होता है। मान्यता है कि वर्ष 1614 में जब मुगल सम्राट शाहजहां उदयपुर जाते समय मांडल में रुके थे, तब स्थानीय लोगों ने नरसिंह अवतार का स्वांग प्रस्तुत किया था, जिससे बादशाह अत्यंत प्रभावित हुए। तभी से यह परंपरा निरंतर चली आ रही है। यह नृत्य धार्मिक परंपरा के अनुसार पहले 'राम' और फिर 'राज' के सामने प्रस्तुत किया जाता है, जो इसकी विशिष्ट पहचान है।



### मांडल महोत्सव के रूप में होगा आयोजन

मांडल विधायक उदय लाल भड़ाना ने बताया कि पारंपरिक नाहर महोत्सव को इस बार प्रशासनिक सहयोग से मांडल महोत्सव के रूप में भव्य स्तर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम मांडल के स्टेडियम में आयोजित होगा, महोत्सव में भाजपा नेता सहित कई जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु व दर्शक शामिल होंगे।

### दीपावली से भी बड़ा पर्व

स्थानीय नागरिकों के अनुसार मांडल महोत्सव कस्बे के लिए दीपावली से भी अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दिन घर-घर विशेष व्यंजन बनाए जाते हैं और रिश्तेदारों, बेटियों-दामादों व मेहमानों को आमंत्रित कर 'अतिथि देवो भवः' की परंपरा निभाई जाती है।

### ऐसे रचा जाता है नरसिंह (नाहर) का स्वांग

नाहर नृत्य करने वाले कलाकार वर्षों से पारंपरिक शैली में प्रस्तुति देते आ रहे हैं। कलाकार अपने शरीर पर लगभग 4 किलो रुई सुतली से लपेटकर नरसिंह (शेर) का रूप धारण करते हैं और पारंपरिक वाद्य यंत्रों व धड़ूक की धुन पर नृत्य करते हैं। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी परिवारों द्वारा निभाई जा रही है।

### भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

होली के 13 दिन बाद रंग तेरस पर आयोजित होने वाला यह महोत्सव आपसी भाईचारे, लोक आस्था और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक माना जाता है। सुबह से रंग-गुलाल खेला जाता है और दिन में बादशाह-बेगम की पारंपरिक सवारी भी निकाली जाती है। मांडल महोत्सव न केवल एक उत्सव, बल्कि 400 वर्षों से जीवित लोक इतिहास और सांस्कृतिक विरासत का अद्भुत उदाहरण है।

# मधुमक्खियों के हमले से दाह संस्कार में मचा हड़कंप, एक दर्जन से अधिक घायल



स्मार्ट हलचल

**मांडल।** थाना क्षेत्र के चक्की चौराहे पर सोमवार को एक महिला के दाह संस्कार के दौरान अचानक मधुमक्खियों के हमले से अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में एक महिला के निधन के बाद बड़ी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान पास में मौजूद मधुमक्खियों के छत्ते में हलचल होने से अचानक मधुमक्खियों का झुंड लोगों पर टूट पड़ा। अचानक हुए हमले से मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। हमले में घायल लोगों को तुरंत मांडल उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मरीजों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मधुमक्खियों के हमले से कई लोगों को शरीर पर गंभीर डंक लगे हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल घायलों का उपचार जारी है और प्रशासन लोगों से सावधानी बरतने की अपील कर रहा है।

# बरूदनी में चामुंडा माता मंदिर की दान पेटी खोली, 82 हजार 150 निकले



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बरूदनी कस्बे में स्थित चामुंडा माता मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर की दान पेटी खोली गई। दान पेटी की गिनती मंदिर कमेटी की मौजूदगी में की गई।

गिनती के दौरान दान पेटी से कुल 82 हजार 150 रुपये की राशि प्राप्त हुई। दान पेटी खुलने के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही तथा भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष रामराय लढा, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार सोमानी, मंत्री शंकर मीणा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने आगामी नवरात्रि पर्व पर मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर भी चर्चा की।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान से पूर्व निगम प्रशासन द्वारा विकास की तैयारी का दिखने लगा असर

**जिला कलेक्टर के निर्देश पर शहर में 3 करोड़ राशि लागत से सीसी सड़को एवं 85 लाख राशि की लागत से नालियों का निर्माण जारी**

**शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के साथ सड़क-नाली निर्माण कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

नगर निगम द्वारा जिला कलेक्टर व नगर निगम प्रशासक श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान से पूर्व ही सड़क एवं नाली मरम्मत की पूर्ण तैयारी कर ली गई थी। नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि वर्तमान में शहर में चलाए जा रहे 'अतिक्रमण हटाओ अभियान' की शुरुआत से पहले ही निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के बाद कराए जाने वाले विकास कार्यों के कार्यादेश जारी कर दिए गए थे, ताकि हटाए गए स्थानों पर तुरंत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

उन्होंने बताया कि निगम द्वारा शहर को तीन जोनों में विभाजित कर प्रत्येक जोन में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण के कार्यादेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही अतिक्रमण हटाने के बाद नालियों की मरम्मत के लिए तीनों जोन में कुल 85 लाख रुपये के कार्यादेश भी जारी किए गए हैं।



निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के उपरांत संबंधित स्थानों पर नालियों की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है तथा सड़क और नाली के मध्य स्थित कच्ची जगह पर भी सीसी सड़क का निर्माण लगातार कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में वहां पुनः अतिक्रमण न हो सके। आयुक्त ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर जारी रखा जाएगा तथा अतिक्रमण हटाने के तुरंत बाद सड़क एवं नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कर 31 मार्च तक उक्त कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# ढोसर स्कूल को भामाशाह ने फर्नीचर व कम्प्यूटर भेंट किए



स्मार्ट हलचल|गंगापुर

राउमावि ढोसर मे छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए प्रशासक श्रीमती भगवती देवी आसोलिया,श्री जसवंत सिंह आसोलिया,श्री रामसिंह आसोलिया ऑपरेटर एवं चंदन सिंह आसोलिया ने भामाशाह बनकर 72हजार के लोहे के टेबल स्टूल उपलब्ध करवाए,जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई का वातावरण अनुकूल बनेगा। इस दौरान कार्यालय में ऑनलाइन कार्य हेतु श्री राजेंद्र सिंह राणा व हिम्मतसिंह राणा ने कंप्यूटर भेट किया।

प्रधानाचार्य श्री गोपाल लाल शर्मा ने भामाशाहों को माला पहनाकर,ऊपरना ओढ़ा कर सम्मान किया और उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान विनोद बूलीवाल,दिनेश कुमार सेन नरेंद्र कुमार प्रहलादराय शर्मा, गीता लुहार हीरालाल शर्मा सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित थे।

# भक्ति के सुरों से गूंजेगा शाहपुरा, सांवरिया सेठ मित्र मंडल की भजन संध्या की तैयारियां अंतिम चरण में

**22 मार्च को सजेगा भक्ति का भव्य दरबार, मंडफिया से पधारेंगे कन्हैया दास महाराज**

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा में भक्ति और श्रद्धा का अनोखा माहौल बनाने जा रही श्री सांवरिया सेठ मित्र मंडल की भव्य भजन संध्या को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाली इस भजन संध्या को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंडल के सदस्यों ने कमर कस ली है। इसी को लेकर मित्र मंडल की आखिरी महत्वपूर्ण बैठक शाहपुरा में आयोजित की गई, जिसमें सभी सदस्यगण और कार्यकर्ता उत्साह के साथ उपस्थित रहे।



बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंडल के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस बार भजन संध्या को भक्ति, भव्यता और अनुशासन के साथ आयोजित किया जाएगा, ताकि यह आयोजन शहर के धार्मिक आयोजनों में एक मिसाल बन सके।

बैठक में मित्र मंडल के सदस्यों ने निर्णय लिया कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर व्यवस्था को विशेष रूप से मजबूत किया जाएगा। भजन संध्या स्थल की सजावट, भक्तों की बैठने की व्यवस्था, ध्वनि व्यवस्था और स्वागत की तैयारियों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई हैं। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सांवरिया सेठ के प्रति श्रद्धा और भक्ति का महोत्सव होगा।

इस भक्ति संध्या की खास बात यह रहेगी कि मंडफिया से मुख्य पुजारी कन्हैया दास महाराज विशेष रूप से शाहपुरा पधारेंगे। उनके सान्निध्य में होने वाली भजन संध्या को लेकर भक्तों में अभी से खासा उत्साह देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि महाराज के आगमन से कार्यक्रम की भव्यता और आध्यात्मिक माहौल और भी बढ़ जाएगा।

मित्र मंडल के कार्यकर्ताओं ने शहरवासियों से भी इस भक्ति आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि सांवरिया सेठ की भक्ति में डूबा यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और आनंद का अनूठा अवसर बनेगा। जैसे-जैसे कार्यक्रम की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे शहर में इस भजन संध्या को लेकर उत्सुकता बढ़ती जा रही है। मंडल के सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं ताकि 22 मार्च की यह भजन संध्या शाहपुरा के धार्मिक इतिहास में एक यादगार अध्याय बन सके।

# एडवोकेट स्नेह परिवार ने महिला दिवस मनाया



स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

एडवोकेट स्नेह परिवार द्वारा साँवरिया रेस्टोरेंट मे एडवोकेट स्नेह परिवार की प्रतिभाओ को सम्मानित किया। सर्वप्रथम एडवोकेट स्नेह परिवार के एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, अनिल कुमार पारीक, सूर्यप्रकाश सरगरा, भूपेंद्र सिंह चारण, सरिता स्वर्णकार, राजकुमार सोनी व जिला अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली ने भारत माता की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सूर्यप्रकाश सरगरा, मान्यता कँवर, यशस्वी कँवर ने सभी अधिवक्ताओ के तिलक लगा कर स्वागत किया।

एडवोकेट भूपेंद्र सिंह चारण ने सदाबहार गाना 'एक दिन बिक जायेगा माटी के मोल, जग मे रह जायेंगे प्यारे तेरे बोल' सुनाया जिस पर सभी अधिवक्ता झूम उठे। उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत ने भारत की वीरांगनाओ के शौर्य और बलिदान के बारे मे विस्तार से बताया उन्होंने रानी पद्मिनी, हाडी रानी, अहिल्या बाई होल्कर, रानी कर्णावती, काली बाई, पन्नाधाय, रानी अवन्तिबाई, रूपा धाय की वीरता और शौर्य के बारे मे गाथा सुनाई। वरिष्ठ अधिवक्ता वंदना चोखड़ा ने बताया कि मातृशक्ति हर क्षेत्र मे परचम लहरा रही है व मातृशक्ति के हर क्षेत्र मे आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। निशा कँवर गौड़ ने नारी के स्वाभिमान, शौर्य और वीरता के बारे मे उद्बोधन दिया व मीरा बाई के प्रेम, त्याग, समर्पण के बारे मे बताया।

एडवोकेट वंदना आमेटा, ममता दाधीच, ममता लक्षकार, अनीता व्यास, राजेश्वरी शर्मा पल्लवी गुप्ता ने आज के युग मे मातृशक्ति की भूमिका पर अपने विचार रखे।

एडवोकेट स्नेह परिवार द्वारा एडवोकेट अनीता व्यास, राजेश्वरी शर्मा, निशा राजपूत, निशा कँवर गौड़, ममता लक्षकार, पल्लवी गुप्ता, सरिता स्वर्णकार, ममता दाधीच, व भूपेंद्र सिंह चारण, बालूलाल उपाध्याय, गौरव पालीवाल, अटल बिहारी वैष्णव, कन्हैयालाल खारोल को ऊपरना पहनाकर व स्मृति चिन्ह ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

एडवोकेट स्नेह परिवार द्वारा जिला अभिभाषक संस्था भीलवाड़ा के पदाधिकारियों को भी ऊपरना पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम मे मंच संचालन एडवोकेट भूपेंद्र सिंह चारण व पीरू सिंह गौड़ ने किया।

इस दौरान सुधीर डांगी, नवीन चेचानी, युवराज चंदेल, सुरेश व्यास, महावीर उपाध्याय, संजय रांका नवनीत कुमावत,दीपक चतुर्वेदी,मुकेश सुवालका जयेश कुमार, नवरतन बुरड़,चांदनी चौधरी, दिव्या पारीक, किरण सोनी, निकी बाला अरोड़ा,चंचल गर्ग उपस्थित थे।

# रायला में बंद रखकर जताया विरोध



## वीएचपी के नेतृत्व में प्रशासन को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**रायला।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली (धुलंडी) के दिन तरुण खटीक की हत्या के विरोध में सोमवार को रायला कस्बा बंद रहा। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में विभिन्न हिंदू संगठनों व समाज के लोगों ने एकत्रित होकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी की सजा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रायला चौराहे पर टायर जलाकर विरोध जताया।

प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। ज्ञापन देने के बाद बाजार की दुकानें खोल दी गईं और कस्बे में सामान्य गतिविधियां शुरू हो गईं। पूरे घटनाक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए रायला पुलिस का जाब्ता मौके पर तैनात रहा।

# भीलवाड़ा में सिंधी समाज की अनूठी सेवा, विशाल रक्तदान शिविर, 172 यूनिट रक्तदान

## नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का भी आयोजन

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल साहिब के जन्मोत्सव चेटीचण्ड महोत्सव के उपलक्ष में भीलवाड़ा के सकल सिंधी समाज ने सेवा और मानवता की मिसाल पेश करते हुए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सिन्धुपति युवा सेवा संस्कार समिति (रजि.) व सिन्धुपति महिला मण्डल के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में समाज के युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 172 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।



संस्था के अध्यक्ष दीपू सभनाणी ने बताया कि संस्था द्वारा यह 26वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ गोविंद धाम दरबार के संत किशन चंद महाराज, माता श्री पारो बहन, सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष रमेश सबनानी तथा श्री झूलेलाल मित्र मंडल के हीरालाल गुरनानी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल साहिब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संतों एवं अतिथियों ने रक्तदाताओं को आशीर्वाद देते हुए समाज सेवा के कार्यों में निरंतर भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई युवा रक्तदाता पहली बार रक्तदान करने पहुंचे और उन्होंने इसे मानवता की सबसे बड़ी सेवा बताया। पूरे शिविर के दौरान रक्तदाताओं में सेवा का उत्साह देखते ही बन रहा था। समाज के वरिष्ठजनों ने भी युवाओं का उत्साहवर्धन किया।

रक्तदान शिविर के साथ-साथ समाजहित में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का भी आयोजन किया गया। यह शिविर दरियानी परिवार और अरिहंत हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने नेत्र जांच करवाई और आवश्यक मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इस पहल को समाजजनों ने काफी सराहा।

इस आयोजन को सफल बनाने में पूज्य दादा साहिब झूलेलाल मंदिर, हरिशेवा धाम, प्रेम प्रकाश (सांई टेऊराम साहिब) आश्रम, श्री गोविंद धाम दरबार और माँ इच्छपूर्णी दुर्गा माता मंदिर का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। साथ ही सिंधी सेंट्रल पंचायत, श्री झूलेलाल मित्र मंडल, अमर शहीद हेमू कालाणी शिक्षण संस्थान, संत कंवर राम धर्मशाला मंडल ट्रस्ट सहित समाज की विभिन्न संस्थाओं व व्यापारिक वर्ग ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त दीपक खुबवानी, विजय लखवानी, दिलीप रामनानी, ताराचंद बाबानी, गिरीश कृपलानी, प्रकाश मोटवानी, सन्नी खोतानी, राजू पेशवानी, धर्मेंद्र देवनानी, प्रेम मोतियानी, पवन राजानी, कमलेश मेठानी, दीपक मोतियानी, सुरेश पेशवानी, जितेंद्र पोपटानी, दीपक लालवानी, महेश सबनानी, प्रदीप सावलानी, ललित झामनानी, विकास उदवानी, भगवान सामतानी, अशोक जगत्यानी, महेश दरियानी, राजकुमार दरियानी सहित समाज के अनेक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। चेटीचण्ड के इस पावन अवसर पर आयोजित यह रक्तदान शिविर न केवल समाज सेवा का संदेश दे गया बल्कि यह भी साबित कर गया कि जब समाज एकजुट होकर सेवा का संकल्प लेता है तो मानवता का सबसे बड़ा पर्व बन जाता है।

# अखिल भारतवर्षीय समग्र दिगंबर जैन बगैरवाल सामाजिक संस्था के चुनाव कोटा मे हुए संपन्न

## बिजौलियाँ के नरेंद्र जैन बने महामंत्री

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** अखिल भारतवर्षीय समग्र दिगंबर जैन बगैरवाल सामाजिक संस्था के केंद्र के चुनाव कोटा में 16 मार्च को संपन्न हुए जिसमें बिजोलिया के नरेंद्र कुमार जैन महामंत्री और मुकेश धनोपिया संयुक्त मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए।

अध्यक्ष के लिए सुरेश चंद्र हरसोरा कोटा चुने गए और कोष अध्यक्ष के लिए बूंदी के महावीर धनोपिया निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई और उनका स्वागत किया गया।

इस चुनाव प्रक्रिया में बूंदी कोटा हाडोती मेवाड़ मालवा और जयपुर के 73 केंद्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर आर के जैन थे। नवनिर्वाचित केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कोटा प्रांत के अध्यक्ष राजेंद्र जैन बूंदी के अध्यक्ष भीमराज मेवाड़ प्रांत के कल्याणमल धनोपिया जयपुर प्रांत के अनिल हरसोरा के अलावा पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष निर्मल कुमार जैन पूर्व मंत्री नरेश सुरलाया नए निर्वाचित उपाध्यक्ष भगवती लाल मोहिवाल आदि मौजूद थे।



### राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर ओडीओपी मेला/प्रदर्शनी का शुभारंभ

# राज्य सरकार का प्रयास ''एक जिला एक उत्पाद'' को प्रोत्साहन: प्रतिमा देवटिया

## 18 मार्च को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर एवं कार्यशाला तथा 19 मार्च को फूड फेस्टिवल का होगा आयोजन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** राजस्थान दिवस समारोह के अवसर पर ओडीओपी मेला/प्रदर्शनी शुभारंभ ग्रामीण हाट में किया गया। मेले का उद्घाटन अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिमा देवटिया द्वारा मौली बंधन खोलकर किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा मेले का अवलोकन किया गया तथा विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी प्राप्त की गई। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक कमलेश कुमार मीना ने बताया कि ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी में जिले के प्रमुख उत्पाद टेक्सटाइल से जुड़े उद्यमियों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। मेले में लगभग 25 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें मैसर्स आईकोर एक्टिव वियर, मैसर्स साई सखी आर्गेनिक मिल्क, मैसर्स चित्रक गारमेंट, मैसर्स आनंद स्पीनर, मैसर्स महाकाल टैक्सफेब प्रा.लि. द्वारा टेक्सटाइल उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। टैक्सटाइल उत्पादों के साथ-साथ प्लांट्स, हैंडमेड उत्पाद,हस्तशिल्प प्रोडेक्ट, इमिटेशन ज्वैलरी, फूड प्रोडक्ट अन्य स्थानीय उत्पादों की भी आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है जिसमें टैक्सटाइल अंतर्गत कुर्तियां, रेडीमेड वस्त्र, डेनिम,



फैब्रिक, सूटिंग्स के साथ साथ अचार, पापड़, चोकलेट, मुरब्बे, बैग, पौधै, खादी उत्पाद, ज्वैलरी, हर्बल प्रोडेक्ट की स्टाल आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। कार्यक्रम के दौरान मेवाड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मानद महासचिव आरके जैन, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष शंभू प्रसाद काबरा, जनसंपर्क विभाग के एपीआरओ ईशांत काबरा, रीको एआरएम निशांत कुमावत, लघु उद्योग भारती सदस्य कमलेश मूणोत, अजय मूंदड़ा, सीए मुकेश सुवालका, अमित भालावत, अमित जैन, आनंद स्पीनर के मालिक मनोज जैन सहित अधिकारीगण, उद्यमी उपस्थित रहे। यह मेला जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। मेले का आयोजन 15 मार्च से 19 मार्च 2026 तक किया जाएगा, जबकि मेले के अंतिम दिन 19 मार्च 2026 को फूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया जाएगा। इस मेले का उद्देश्य जिले के स्थानीय उत्पादों, विशेषकर टेक्सटाइल उद्योग को प्रोत्साहित करना तथा उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए मंच उपलब्ध कराना है। 17 मार्च को लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की ओर से दिन में औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर एवं कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा तथा 19 मार्च को सांय 4.00 बजे से फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा जिसमें भाग लेने हेतु कार्यालय में नोडल अधिकारी डिम्पल लक्षकार, नितेश कुमार जांगिड़ मो.न.8233290535 से सम्पर्क कर पंजीयन कराया जा सकता है।

# भाजपा गंगापुर नगर मण्डल कार्यालय का उद्घाटन सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

मुकेश गुर्जर भाजपा गंगापुर नगर मण्डल कार्यालय का उद्घाटन आज माननीय विधायक लादू लाल जी पीतलिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने की।

इस अवसर पर विधायक लादू लाल जी पीतलिया ने कहा कि भाजपा गंगापुर नगर मण्डल मजबूत और समर्पित कार्यकर्ताओं का मण्डल है, जो संगठन को निरंतर मजबूती प्रदान कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नवरत्न जी हिरण, प्रकाश जी पिछोलिया, गोपाल जी दाधीच, मोती लाल जी गहलोत, दिनेश जी बापना, राजेश जी चौधरी, दया जी सैनी, विजय लक्ष्मी जी जीनगर, मुरली मनोहर जी भट्ट, राम जी रैगर, गिरिराज जी सोमानी, सरोज जी शर्मा, जमनेश जी खटीक, मुकेश जी पूरी, मनीष जी दाधीच, बालू जी गुर्जर, अरुण जी टांक, रमेश जी साहू, राजकुमार जी सेन, मुरली जी वैष्णव, धर्मेश जी खटीक, गोपाल लाल जी तेली, सोहन जी रैगर, लक्ष्मण जी साहू, गोविंद जी सोनी, अकरम जी सिंधी, अभिषेक जी मंडोवरा, यज्ञदत्त जी शर्मा, देवेंद्र जी जोशी, देवकिशन जी जीनगर, दिलीप जी आचार्य, कमलेश जी सेन सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के पश्चात विधायक लादू लाल जी पीतलिया एवं नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने मील के बालाजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा मंदिर परिसर के बाहर कार्यकर्ताओं के साथ होली स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लिया।

# भारतीय किसान संघ की जिला कोर कमेटी की बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** भारतीय किसान संघ की जिला कोर कमेटी की बैठक संस्कृति मंदिर अशोक नगर में आयोजित हुई जिसमें संगठन के बारे में चर्चा की गई प्रांत संगठन प्रमुख परमानंद बताया की ग्राम पंचायत तक किसानों को जोड़ा जाए जिससे किसानों का उत्थान और आर्थिक उन्नति के बारे में जागरूक किया जाए और 10 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल तक चलने वाली प्रांत अभ्यास वर्ग प्रतापगढ़ में होने वाली कार्यक्रम में भीलवाड़ा जिले से हर तहसील से कार्यकर्ताओं को ले जाने के लिए संपर्क कर जिसमें प्रदेश अफिम प्रमुख बद्री लाल जाट संभाग उपाध्यक्ष सोहन लाल माली प्रांत विधि प्रमुख भागुलाल गुर्जर महामंत्री लादु लाल जाट जिला प्रचार प्रमुख श्याम लाल सुथार कार्यालय प्रमुख भेरूलाल गुर्जर रवी आचार्य कनहैया लाल प्रजापत आदि मौजूद थे।

# जीवन मे सच्ची श्रद्धा,भक्ति और भगवान पर अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति- पं कृष्णतनय

## 'साथ म्हारे सिरधणी परमेश्वर परिवार' नानी बाई रो मायरो कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

स्मार्ट हलचल | काछोला

धर्मनगरी काछोला में आयोजित पावन प्रथम भव्य फाग महोत्सव के अंतर्गत 'नानीबाई रो मायरो' कथा के द्वितीय दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का आगमन मन को आकर्षित करता रहा और पूरे वातावरण में भजन, कीर्तन तथा हरिनाम की मधुर ध्वनि और भक्तवत्सल भगवान की जयकारों से गूंजती रही।

कथावाचक विष्णुश्री कृष्णतनय जी महाराज श्री ने द्वितीय दिवस की कथा में भगवान की भक्तवत्सलता और सच्ची भक्ति की महिमा का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब भक्त का हृदय निष्कपट प्रेम और विश्वास से भर जाता है, तब स्वयं भगवान उसके जीवन की हर आवश्यकता का ध्यान रखते हैं।



कथा में नानीबाई के मायरे की अद्भुत लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने अपने भक्त नरसी मेहता की लाज रखने के लिए किशना खाती का रूप धरा और भक्त की पथ रखी और स्वयं आकर भक्त की प्रतिष्ठा को बनाए रखा। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और कई भक्तों की आंखें श्रद्धा के आँसुओं से भर गईं।

कथावाचक ने अपने प्रवचन में यह भी कहा कि जीवन में सच्ची श्रद्धा, भक्ति और भगवान पर अटूट विश्वास ही मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति है। जो व्यक्ति भगवान पर विश्वास रखता है, उसके जीवन में कभी अभाव नहीं रहता। कथा के मध्य मधुर भजनों और संकीर्तन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजनों पर भावपूर्वक झूमकर भगवान का गुणगान किया। कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजकों ने सभी भक्तों से आगामी दिनों में भी कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर भक्ति रस का लाभ लेने का आग्रह किया।

इस प्रकार 'नानीबाई रो मायरो' कथा का द्वितीय दिवस भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ और कल दिन में कथा रहेगी और रात्रि में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन होगा जिसमें भजन प्रवाहक शानू कबीरा और हर्षिता मालू प्रस्तुति देंगे।

इस अवसर पर डॉ कैलाश चन्द्र वैष्णव, भैरु लाल मंत्री, रमेश चन्द्र काष्ट, शंकर लाल सोडानी,भगवान शंकर शर्मा,महावीर बसेर,सूर्यकांत त्रिवेदी,डॉ राधेश्याम वैष्णव,रामचन्द्र लढ़ा,भगवान काष्ट सहित आदि ने कथा वाचक पंडित विष्णु श्री कृष्णतनय जी महाराज का श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# प्रेम प्रसंग के चलते नाबालिग दलित किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव में प्रेम प्रसंग से आहत एक नाबालिग दलित किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी गांव निवासी सुंदरलाल की लगभग 15 वर्षीय पुत्री बुधरानी देवी का गांव के ही एक युवक छोटू के साथ पिछले करीब एक वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जा रहा है कि रविवार शाम युवक लाइट ठीक करने के बहाने किशोरी के घर पहुंचा था। उस समय किशोरी के माता-पिता खेतों में काम करने गए हुए थे। आसपास के लोगों को जानकारी होने पर उन्होंने बाहर से दरवाजा बंद कर किशोरी के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने तत्काल डायल 112 को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर युवक को अपने साथ थाने ले गई।

# महर्षि गौतम ब्रह्म सेवा समिति, तिलक नगर ने मनाई गौतम जयंती



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

महर्षि गौतम ब्रह्म सेवा समिति, तिलक नगर ने गुर्जर गौड ब्राह्मण समाज के आराध्य देव महर्षि गौतम की जयंती के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समिति उपाध्यक्ष पुष्कर दत्त व्यास ने बताया कि दो दिवसीय गौतम जयंती महोत्सव के तहत प्रथम दिन अध्यक्ष गोपाल जोशी, ललित शंकर भट्ट, रमेश बच्छ, कृष्ण गोपाल जोशी, जगदीश चंद्र शर्मा , शिव नारायण शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा ने महर्षि गौतम की पूजा अर्चना व आरती कर महोत्सव की शुरुआत की तथा सायं सामूहिक सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया, महोत्सव के दूसरे दिन समाज के वरिष्ठ जन व भामाशाह का दुपट्टा, उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया तथा वरिष्ठ जन, महिला, युवा और बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आयोजन में महिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से बीना शर्मा को महिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया, सभी कार्यक्रमों के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन किया गया जिसमें श्याम सुंदर दुबे, राधेश्याम जोशी, अजय शर्मा, राधेश्याम शर्मा, राज बंधु त्रिपाठी, शत्रुघ्न कांटिया, चंपा लाल तिवारी, सुरेश जोशी, शिव नारायण पंचोली, जमना लाल शर्मा, प्रशांत चतुर्वेदी, प्रहलाद त्रिपाठी, दिनेश पुरोहित, श्याम लाल शर्मा, गोपाल फौजी, दिनेश शर्मा, राजेंद्र बण्डेला , भेरू शंकर तिवाड़ी, आदि का विशेष सहयोग रहा ! कार्यक्रम के अंत में गौतम जयंती आयोजन समिति न्यास के अध्यक्ष ओम प्रकाश बच्छ ने सभी समाज जनों से आगामी 19 मार्च को प्रातः 8.30 बजे आजाद चौक में सपरिवार उपस्थित होकर शोभायात्रा में शामिल होने का आव्हान किया।

# मालासेरी डूंगरी में 33केवी बिजली ग्रिड की स्वीकृति, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मस्थली एवं माता साडू की अखंड तपोभूमि विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मालासेरी डूंगरी म पर विशेष 33ऱ्यड्ड बिजली ग्रिड की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। देवभक्तों की लंबे समय से चली आ रही मांग पर माननीय ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किए जाने को ऐतिहासिक निर्णय माना जा रहा है। मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के पुजारी हेमराज पोसवाल ने बताया कि मंदिर समिति द्वारा ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर यहां पर 33/11 केवी विद्युत ग्रिड स्वीकृत करने अनुरोध किया था । जिस पर ऊर्जा मंत्री द्वारा स्वीकृत करने पर यह बिजली ग्रिड स्थापित होने से तीर्थ स्थल सहित आसपास के गांवों में बिजली व्यवस्था मजबूत होगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का मानना है कि इस निर्णय से धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में सुविधाओं का विस्तार आसान होगा।

क्षेत्रवासियों ने इस जनहितकारी निर्णय के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म तथा स्थानीय विधायक जब्बर सिंह संखला का आभार व्यक्त किया है। देव भक्तों ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन और प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

# रामपुरा आगूचा माइंस के जिंक कौशल केंद्र में रोजगार मेले का आयोजन






## 120 युवाओं का चयन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड रामपुरा आगूचा माइंस द्वारा अम्बुजा फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित जिंक कौशल परियोजना के तहत जिंक कौशल केंद्र में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले के माध्यम से स्थानीय युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार पाने का सीधा अवसर मिला। मेले में बैंकिंग, हेल्थकेयर, आईटी, सिक्योरिटी और इलेक्ट्रिशियन जैसे विभिन्न क्षेत्रों की 20 से अधिक नामी कंपनियों ने हिस्सा लिया। रोजगार मेले में आए 315 से अधिक युवाओं ने अपना पंजीकरण कराया। कंपनियों द्वारा लिए गए साक्षात्कार के बाद 120 उम्मीदवारों का मौके पर ही चयन किया गया। इसके अलावा, 160 अन्य उम्मीदवारों को अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। चयनित युवाओं को औसतन 17,500 प्रति माह का सैलरी पैकेज ऑफर किया गया। यह रोजगार मेला स्थानीय युवाओं के लिए एक ऐसा मंच साबित हुआ जहाँ उन्होंने सीधे तौर पर कंपनियों के प्रतिनिधियों से बात की और बाजार की जरूरतों को समझा। इससे उन्हें अपने कौशल को प्रदर्शित करने और अपने ही क्षेत्र के पास ही करियर बनाने का मौका मिला। यह पहल स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# मां के निधन के बाद घर में आए मेहमान, गैस हुई खत्म; युवक खाली सिलेंडर लेकर पहुंचा एसडीएम दफ्तर, अधिकारी ने दिलवाई तुरंत राहत

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा (मांडल)।** एक ओर जिला प्रशासन घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत को नकारते हुए अफवाहों पर ध्यान न देने की आमजन से अपील कर रहा है, वहीं धरातल पर स्थिति कुछ अलग ही नजर आ रही है। भीलवाड़ा जिले के मांडल उपखंड कार्यालय में गैस सिलेंडर नहीं मिलने से परेशान होकर एक गैस उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर पहुंच गया और उपखंड अधिकारी संजना जोशी से गैस सिलेंडर दिलाने की गुहार लगाई।



जानकारी के अनुसार मांडल निवासी रामचंद्र रैगर अपनी समस्या लेकर उपखंड कार्यालय पहुंचा। उसने बताया कि उसकी मां का हाल ही में स्वर्गवास हो गया है और घर पर शोक संवेदना प्रकट करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। ऐसे में घर में गैस खत्म हो गई है और चाय बनाने तक के लिए गैस उपलब्ध नहीं है।

रामचंद्र ने बताया कि वह पहले गैस एजेंसी के कार्यालय भी गया था, लेकिन वहां से उसे संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद वह खाली सिलेंडर लेकर सीधे एसडीएम कार्यालय पहुंच गया और मदद की गुहार लगाई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपखंड अधिकारी संजना जोशी ने तत्काल संज्ञान लिया और दूसरी गैस एजेंसी से संपर्क कर उपभोक्ता को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करवाई। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से युवक को राहत मिली।

# महावीर बालिका मंडल ने मनाया प्रेरणादायी महिला दिवस, मातृत्व और नारी शक्ति को किया नमन

## महावीर बालिका मंडल की अनोखी पहल: बालिकाओं ने रचा प्रेरणा का रंग, सम्मान और प्रस्तुतियों से गूंजा महावीर भवन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** महावीर भवन, नाड़ी मोहल्ला में 15 मार्च को महावीर बालिका मंडल द्वारा बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र के मंगलाचरण के साथ हुई। बालिका मंडल की ओर से प्रियांशी धुपिया ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, वहीं स्वेनी चौधरी ने आकर्षक स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायिक सदस्य स्थाई लोक अदालत गोवर्धन सिंह कावड़िया ने की। मुख्य अतिथि के रूप में शांतिलाल जैन, पुष्पा खमेसरा एवं श्रीमती सुनीता बिरानी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर संघ के संरक्षक रामसिंह चौधरी, नाथू लाल छाजेड़, अध्यक्ष गोवर्धन सिंह



कावड़िया, महामंत्री पारकूकड़ा, कोषाध्यक्ष सुनील नागौरी, ललित लोढ़ा, पिंटू बिलवाड़िया एवं प्रदीप शिशोदिया भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माँ-बेटी के स्नेह और रिश्ते की सुंदर झलक भी देखने को मिली। अर्पिता खमेसरा ने अपनी दोनों बेटियां आर्मी व अनाया के साथ माँ-बेटी पर आधारित भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया। वहीं श्वेता लोढ़ा ने माँ-बेटी के रिश्ते के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा गारवी जैन ने माँ के महत्व पर सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को और भी भावनात्मक बना दिया। बालिका मंडल अध्यक्ष आयुषी लोढ़ा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए माँ और बेटी की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए, जिसने सभी बहनों को भाव-विभोर कर दिया और कई की आँखें नम हो गईं। साथी बालिका मंडल की गर्विता सिसोदिया आयुषी रूगलेचा, छवि पानगडिया अरहंता कोठारी, अविषा पोखरणा दिव्यांशी छाजेड़ ने बहुत ही सुंदर मां बेटी का पर नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बालिका मंडल की वेदिता सिसोदिया रेनू चौधरी प्रियल सिंघवी सहित कई बहनें उपस्थित रहीं। इस अवसर पर बालिका मंडल द्वारा महिला मंडल की सक्रिय एवं प्रेरणादायी बहनों को विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए। कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बालिका मंडल द्वारा विभिन्न मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किए गए, जिनमें हाउजी और वन मिनट शो गेम शामिल रहे। बीच-बीच में कोषाध्यक्ष नव्या बाफना ने बहुत ही सुंदर प्रश्न पूछ कर सभी को पारितोषिक दिया गया सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित भी किया गया। बालिका मंडल की ओर से उपस्थित सभी बहनों का तिलक, उपहार एवं गुलाल से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात अल्पाहार की सुंदर व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष गोवर्धन सिंह कावड़िया एवं महामंत्री पारस मल कूकड़ा, शांतिलाल जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सराहना की और बालिका मंडल की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अंत में मंत्री गर्विता शिशोदिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनीता बागचार, तारा छाजेड़, ज्योति कोठारी, डिंपल सिंघवी, जयश्री सिसोदिया, ऋषिका खमेसरा, ललिता खमेसरा, ललिता पीपाड़ा, रेखा पीपाड़ा, रेखा पानगढ़िया अरुणा पोखरणा, अजबदेवी लोढ़ा, हर्षा कोठारी, अंकिता जैन, अभिलाषा पानगडिया, मधु खमेसरा, माया नागौरी मीणा मारू, चंचल छाजेड़, कोमल जैन, रीना जैन, सीमा खमेसरा, सुलेखा लोढ़ा, संगीता सुराणा, ज्योति खारीवाल, अनीता खारीवाल, वंदना बिलवाडिया, शीला मेहता, आशा सुराणा, रेखा जैन रिंकू पोखरणा, अंजना सुराणा, अलका चौधरी, पवन देवी कोठारी, पुष्पा चोपड़ा, राजकुमारी पोखरणा, रचना पोखरणा मेघा भंसाली सहीत कई बहने उपस्थिति रही।

# मदरसा इमाम जाकिर हुसैन को किया नजराना पेश



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजोलिया मदरसा शाह कलंदरिया में आज पेश इमाम जाकिर हुसैन को नजराना पेश कर इस्तक़बाल किया गया कमेटी के सदर हाजी सत्तार फौजदार सेक्रेटरी सद्दाम हुसैन शाह खजांची अनवर हुसैन और सर सरपरस्त हाजी मुख्तियार भाई द्वारा पेश इमाम जाकिर हुसैन को 21000 का नजराना दिया गया और समस्त कमेटी द्वारा सभी लोगों का माला पहनकर स्वागत किया गया इसमें छोटी मस्जिद के पेश ईमान केसर राजा को भी नजराना पेश किया गया साथ में अख्तर भाई ट्रांसपोर्ट वाले नीसार कुरैशी हाजी अकरम लोहार शाहिद हुसैन ट्रेलर सद्दाम शाह साबिर शाह हाजी रुस्तम हबीबुर रहमान परवेज आलम इमरान हुसैन आदि मौजूद रहे।

# व्यवसाय में बदलाव को समय के साथ स्वीकारें -सोनी

## समाज जन विभिन्न 48 ट्रस्टों से अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलावे- चेचानी

### प्रदेश माहेश्वरी सभा की बैठक मैं कहीं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी सभा की कार्यकारी मंडल की बैठक चित्तौड़गढ़ जिले के भीचोर में स्थित सोमानी रिसोर्ट में आयोजित की गई,चित्तौड़गढ़ जिले से प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश गग्गड ,प्रदेश संयुक्त मंत्री कैलाश मंत्री ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । बैठक में पूर्व सभापति महासभा रामपाल सोनी, राष्ट्रीय अर्थ मंत्री राजकुमार कालिया, संयुक्त मंत्री महासभा जगदीश प्रसाद कोगटा एवं सभी जिलों से प्रदेश प्रतिनिधिगन, जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री उपस्थित थे । प्रदेश के वरिष्ठतम, मार्गदर्शक प्रेरणास्त्रोत पूर्व सभापति महासभा रामपाल सोनी ने सदन को काफी सकारात्मक संदेश दिया एवं यह बताया की जिसने भी बदलाव को समय पर स्वीकार नहीं किया उसको पीछे रहना पड़ा, इसलिए सभी को आज के 15 साल - 20 साल बाद क्या होने वाला है इसके लिए आज से ही तैयार रहना पड़ेगा।

प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने विभिन्न 18 प्रमुख एवं 30 सहयोगी ट्रस्टो सहित कुल 48 ट्रस्टों की जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न ट्रस्टो की समाज जन अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ दिलावे जाजू ट्रस्ट व बांगड़ मेडिकल ट्रस्ट के द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी से सदन को अवगत कराया

अर्थ मंत्री महासभा राजकुमार कालिया द्वारा सदन को महासभा की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई । प्रदेश मंत्री राम गोपाल सोमानी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत की गई ,जिसकी सभी ने ध्वनि मत से पुष्टि की। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष दीनदयाल मारू ने 2024- 25 तक का आय व्यय का



विवरण सदन के समक्ष पेश किया। अध्यक्ष द्वारा केंद्रीय चुनाव समिति के निर्देशानुसार आगामी सत्र के लिए चुनाव संपादन करने के लिए पांच नाम सदन में रखे जिसे सभी ने स्वीकार किया। विभिन्न जिलों से पधारे हुए जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री द्वारा गत बैठक के बाद इस बैठक तक किए गए कार्यों का प्रगति विवरण पेश किया। कार्यालय मंत्री एवं प्रदेश एडमिन एबीएमएम संपर्क एप देवेंद्र सोमानी ने बताया कि मां सभा द्वारा द्वारा 31 जनवरी 2026 तक जारी फैमिली आईडी से ही चुनाव होगे साथ ही दोहरी प्रविष्टियों को हटाने हेतु एवं सभी जिलों में माहेश्वरी पत्रिका की सदस्यता नवीनीकरण एवं नए सदस्य बनाने हेतु आवाहन किया।

संयुक्त मंत्री महासभा जगदीश कोगटा द्वारा बद्री लाल सोनी शिक्षा सहयोग केंद्र एवं महासभा द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की सदन को जानकारी प्रदान की।

प्रदेश मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्तौड़गढ़ जिले के चुनाव के लिए चित्तौड़गढ़ तहसील अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष को कहा कि चित्तौड़गढ़ जिले के चुनाव महासभा द्वारा दिए गए मॉडल विधान के द्वारा ही करवाए जाएंगे उन्हें कहा कि ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी श्रृंखलाबद्ध रूप से संगठन गठित करवाकर जिला संगठन खड़ा किया जाए तभी समाज की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुचारू रूप से पहुंच पाएगा।

चित्तौड़गढ़ जिले के सभी तहसील अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्ष महोदय ने एक मत से इस पर अपनी स्वीकृति प्रदान की और सभी चुनाव मॉडल विधान के अनुसार होंगे ऐसा आश्वासन दिया।

निर्वातमान प्रदेश अध्यक्ष एवं महासभा कार्य समिति सदस्य कैलाश कोठारी द्वारा सदन में महासभा के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं सभी सदस्यों से किस प्रकार अंतिम छोर तक सहायता पहुंचे इसके लिए जमीनी तौर पर कार्य करने का आग्रह किया।

बैठक में प्रदेश सभा द्वारा अब तक किए गए कार्यों से सदन को अवगत कराया एवं अपने उद्बोधन में सभी जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री को किए जा रहे कार्य हेतु साधुवाद ज्ञापित किया एवं सदन को बताया की चित्तौड़गढ़ जिले में मीटिंग रखने का कारण चित्तौड़गढ़ जिले को में मुख्य धारा में लाना है और चुनाव करवाने में किसी भी प्रकार का सहयोग प्रदेश सभा द्वारा चाहिए तो उपलब्ध करवाया जाएगा। महासभा द्वारा महाधीवेशन में जो 11 प्रस्ताव पास किए गए हैं उन्हें सभी जिलों में लागू किया जाए ऐसा निर्देशित किया।

प्रदेश मंत्री द्वारा गत बैठक से अब तक जिन महेश्वरी बंधुओं का निधन हुआ है उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अंत में प्रदेश मंत्री रामगोपाल सोमानी द्वारा मंचासिन अतिथियों व सभी का आभार प्रकट कर राष्ट्रगान किया गया।

## अधूरे हाईवे निर्माण को लेकर आसींद में आक्रोश, खून से लिखा ज्ञापन सौंपा

### प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश कुमार के निलंबन को लेकर सड़कों पर उतरे लोग



स्मार्ट हलचल| आसींद

नेशनल हाईवे 158 के आसींद कस्बे के बीच लगभग 700 मीटर अधूरे पड़े हाईवे निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण व्यापारियों, आमजन और सामाजिक संगठनों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अधूरे निर्माण के कारण कस्बे में धूल, जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है, जिससे आमजन और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर सोमवार को आसींद कस्बे के व्यापारी संगठन सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने विरोध जताते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नाम खून से लिखकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाईवे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने तथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शनकारियों ने राकेश कुमार के खिलाफ भी नाराजगी जताते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण यह स्थिति बनी हुई है।

वहीं सोमवार शाम विभिन्न एससी-एसटी समुदायों के सानिध्य में आसींद कस्बे में मशाल यात्रा निकालकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## मानव जीवन थोड़े समय के लिए-भेरूलाल निरंकारी



स्मार्ट हलचल

**बड़ी सादड़ी।** संत निरंकारी मिशन दिल्ली की ब्रांच बड़ी सादड़ी की ओर से गांव लोहारिया खेड़ा में मासिक सत्संग रात्रि में आयोजित हुई जिसमें युवा प्रचारक भेरूलाल निरंकारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन थोड़े समय के लिए मिला है इसकी कोई गारंटी नहीं है यह कब हमारे हिस्से से निकल जाए उन्होंने कहा कि 'राम गयो रावण गयो जाका बहू परिवार नानक स्थिर कुछ नहीं सपने जो संसार' समय रहते सचेत हो जाएं और अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर लें आज मानव मुक्ति तो चाहता है परंतु अपनी चतुराई का त्याग नहीं करता है मुक्ति का तरीका सद्गुरु के पास होता है परमपिता परमात्मा ही एक ऐसी सत्ता है जो मुक्त है ऐसे परमात्मा का ज्ञान वर्तमान में निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज प्रत्यक्ष रूप से निरंकार (परमात्मा) का ज्ञान करवा कर मुक्ति प्रदान कर रहे हैं सत्संग का संचालन दिनेश कुमार ने किया उक्त जानकारी निरंकारी मिशन के मीडिया सहायक राधेश्याम रेगर ने दी।

## अवैध अफीम डोडा चूरा सप्लायर गिरफ्तार, 5 महीने से चल रहा था फरार, आरोपी को एमपी से दबोचा


स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सुभाष नगर थाना पुलिस ने उस अपराधी को पकड़ा है जो पिछले 5 माह से फरार चल रहा था और अवैध अफीम डोडा चुरा सप्लाई करने के मामले में वांछित था । एसपी धर्मेन्द्र सिह द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम एवं वांछित अपराधियो की गिरफ्तारी के लिए निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है । अभियान के तहत् एएसपी पारस मल जैन के निर्देशन एवं माधव उपाध्याय वृताधिकारी, वृत सदर के निकटतम सुपरविजन में और थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई द्वारा टीम गठित कर 5 माह से फरार अवैध अफीम डोडा चुरा सप्लायर को मल्हारगढ एमपी से गिरफ्तार किया गया। 07.10.2025 को विजय मीणा उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना मंगरोप मय जाप्ता के चौकी मंडपिया के सामने नाकाबन्दी कर रहे थे इस दौरान एक ट्रक आया जिसे रुकवाया चालक ने अपना नाम श्यामलाल पिता गणपत राजपूत निवासी बार बरोआ थाना रामशहर जिला सोलन हिमाचल प्रदेष बताया । ट्रक की तलाशी लेने पर उसमे गुप्त कैबिन मे अवैध मादक पदार्थ अफीम डोडा चुरा भरा हुआ था जिसका कुल वजन 12 कट्टे में 224.25 किलोग्राम था । अवैध मादक पदार्थ का परिवहन करते हुए पाए जाने पर उक्त अफीम डोडा चुरा को जप्त कर आरोपी श्यामलाल को गिरफ्तार किया ओर एनपीसीएस एक्ट मे मामला दर्ज कर जांच सुभाषनगर थाने को सौंपी । जांच के दौरान पता चला की उक्त अवैध अफीम डोडा चुरा का सप्लायर कुलवन्त सिंह उर्फ शेरा उर्फ हरेन्द्र पिता जगतार सिंह जाति जट सिख उम्र 49 साल निवासी दालो माजरा पोस्ट नबीपुर थाना सरहिन्द जिला फतेहगढ साहिब पंजाब हाल श्री श्याम होटल मल्हारगढ थाना मल्हारगढ जिला मन्दसौर एमपी है जो करीब 5 माह से फरार चल रहा था, जिसको थाना सुभाषनगर की टीम ने मल्हारगढ एमपी से डिटेन कर आरोपी कुलवन्त सिंह उर्फ शेरा उर्फ हरेन्द्र के विरूद्ध जुर्म धारा 8/29 एनडीपीएस एक्ट का अपराध प्रमाणित पाया जाने से गिरफतार किया गया। आरोपी से अवैध अफीम डोडा चुरा खरीद फरोख्त के सम्बंध मे जांच जारी है। गठित पुलिस टीम में कैलाश कुमार विश्नोई पु.नि. थाना सुभाषनगर, कांस्टेबल लोकेश (विशेष भुमिका), सुनिल (विशेष भुमिका), नरेश कुमार, सत्यपाल शामिल थे।

## बिजासन माता मंदिर में नवरात्रि तैयारियों को लेकर 17 को होगी बैठक

### यात्रियों की सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, अष्टमी जागरण और नवमी भंडारे पर होगा मंथन

स्मार्ट हलचल



**टोंक/पीपलू।** पीपलू उपखण्ड क्षेत्र के गांव बगड़ी स्थित बिजासन माता मंदिर में आगामी चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों और मंदिर समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक 17 मार्च 2026 को रात्रि 7 बजे बिजासन माता मंदिर परिसर में आयोजित होगी।

जय बिजासन माता मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश व्यास ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व को श्रद्धा, उत्साह और सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के उद्देश्य से बैठक बुलाई गई है।बैठक में नवरात्रि के दौरान माता के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन यात्रियों के लिए भोजन व्यवस्था, मंदिर परिसर में व्यवस्थाएं, तथा समिति द्वारा आयोजित होने वाले अष्टमी के जागरण और नवमी के भंडारे सहित अन्य धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। समिति की ओर से ग्राम बगड़ी के सभी ग्रामीणों और कार्यकारिणी सदस्यों सहित आसपास के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थत होने का आग्रह किया गया है, ताकि सामूहिक सहयोग से नवरात्रि महोत्सव को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से मनाया जा सके। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों को बैठक में समय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## मादक पदार्थ तस्करी में वांछित अपराधी गिरफ्तार, 10 हजार का था ईनाम, पुलिस ने आरोपी का पीछा कर पकड़ा

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

गुलाबपुरा थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले मे वांछित 10 हजार के ईनामी अपराधी को गिरफतार कर लिया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा वांछित अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी शाहपुरा राजेश आर्य के निर्देशन में आरोपी को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया जिसका सुपरविजन जितेन्द्रसिह वृताधिकारी, वृत गुलाबपुरा ने सुपरविजन किया और थानाप्रभारी संजय कुमार ने नेतृत्व किया। गुलाबपुरा थाना पुलिस टीम और मुखबीर व तकनीकी माध्यमों से वांछित आरोपी का पीछा करते हुये अवैध मादक पदार्थ परिवहन के मामले में 10000 रूपये के ईनामी अपराधी लाभचंद उर्फ लाभू धाकड को गिरफ्तार किया जिससे पूछताछ जारी है। उक्त मामले मे चार आरोपी पूर्व मे गिरफ्तार किये जा चूके है।

### यह था मामला

दिनांक 18.05.2024 को हंसपालसिंह उ.नि. तत्कालीन थानाधिकारी थाना आसीन्द द्वारा गश्त के दौरान ट्रेलर मे सीमेंट के कट्टों के नीचे छिपाये गये 109 डोडाचूरा के कट्टों मे कुल 22



क्विंटल डोडाचूरा जप्त कर मामला दर्ज किया गया था जिसमे वांछित आरोपियों की तलाश के लिए जिला पुलिस अधीक्षक ने 10 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था।

### वारदात का तरीका

आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रेलर मे सीमेंट के कट्टों के नीचे अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा के कट्टे रखकर परिवहन कर रहे थे । तत्कालीन थानाधिकारी ने ट्रेलर और अवैध मादक पदार्थ जप्त किया और मामला दर्ज किया गया।

### गठित पुलिस टीम

टीम में संजय कुमार थानाधिकारी थाना गुलाबपुरा, कांस्टेबल रमेश कुमार, रविन्द्र कुमार शामिल थे ।

### यह वांछित हुआ गिरफ्तार

लाभचंद पिता कन्हैयालाल धाकड उम्र 39 वर्ष निवासी उमर थाना बेगू जिला चितौडगढ।

## रावणा राजपूत चितौड़गढ़ युवा संस्थान की जिला कार्यकारिणी की हुई घोषणा

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रावण राजपूत युवा संस्थान के जिला अध्यक्ष जगदीश सिसोदिया रावणा राजपूत समाज की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की साथ ही सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं सभी को समाज हित में में कार्य करने का आव्हान किया एवं आने वाले समाजिक कार्यक्रमों में सभी को सक्रिय रूप से भाग लेने एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने एवं सामाजिक बढ़ती कुरीतियों को दूर करने एवं समाज के उत्थान में सभी को अपनी भूमिका निभाने पर जोर दिया साथ युवा टीम में जिला महामंत्री पद पर हिमांशु सिंह गहलोत पारसोली दिलीप सिंह पवार शैतान सिंह मेडी खेड़ा एवं जिला प्रवक्ता विजय सिंह केरेडिया जिला उपाध्यक्ष लादू सिंह राठौड़ जाडोल दिनेश सिंह भाटी नया गाव धन सिंह गोरसिया कर्ण सिंह गोवलिया देवी सिंह यशवंत सिंह विजयपुर वीरेंद्र सिंह भेसरोडगड जिला मंत्री पद पर नारायण सिंह गोड दहिखेडा कर्ण सिंह गोपाल पूरा विनोद सिंह भंवरिया नारायण सिंह सोलंकी यश राज सिंह बस्सी रतन सिंह मंडावरी दिलखुश सिंह राठौड़ न्नदवाई मीडिया प्रमुख विक्रम सिंह पूठोली दिलीप सिंह चौहान भेसरोडगड एवं कोषाध्यक्ष गोवर्धन सिंह सियालीया को मनोनीत किया गया एवं आने वाले समय में तहसील स्तर तक कार्यकारणी का विस्तार किया जायेगा।

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2025ः रिक्त रहे पदों के लिए संशोधित चयन सूची जारी

### 18 मार्च को होगा दस्तावेज सत्यापन

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

कमाण्डेन्ट मेवाड़ भील कोर (एमबीसी), खेरवाड़ा द्वारा राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती वर्ष 2025 (टीएसपी क्षेत्र) के रिक्त पदों को भरने के लिए संशोधित चयन सूची जारी कर दी गई है। यह सूची उन पदों के लिए है जो पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों के कार्यभार न संभालने या अन्यत्र चयन होने के कारण खाली रह गए थे।

कमाण्डेंट निरंजन चारण ने बताया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित रिव्यू बोर्ड की सिफारिशों के बाद, कांस्टेबल (सामान्य ड्यूटी) के पद पर दो अभ्यर्थियों अजय कुमार गरासिया पिता श्री ईश्वर लाल गरासिया तथा पिंटा राम गरासिया पिता श्री लासाराम गरासिया का चयन किया गया है। इन अभ्यर्थियों का चयन 13 और 14 सितंबर 2025 को आयोजित लिखित परीक्षा और 10 दिसंबर 2025 को महाराणा भूपाल स्टेडियम, उदयपुर में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा के आधार पर किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि वे अपने सभी मूल दस्तावेजों और उनकी स्वयं प्रमाणित फोटोकॉपी के साथ 18 मार्च 2026 को सुबह 9.30 बजे मेवाड़ भील कोर, खेरवाड़ा के कार्यालय में उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को अपने साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और जन्म तिथि प्रमाण पत्र, मूल निवास और जाति प्रमाण पत्र, अंतिम शिक्षण संस्थान और दो राजपत्रित अधिकारियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), दहेज नहीं लेने, दो से अधिक संतान नहीं होने और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं होने संबंधी शपथ पत्र, धूम्रपान/तंबाकू सेवन न करने का शपथ पत्र और 10 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, पहचान पत्र और विशेष योग्यता प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज लाने होंगे। निर्धारित समय और तिथि पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों का चयन निरस्त माना जाएगा। इसके साथ ही, उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता या मानदेय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन और स्वास्थ्य परीक्षण के संबंध में अलग से सूचित किया जाएगा।

## मांडल में सहकारी समिति कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



### मांगें पूरी नहीं होने तक कार्य बहिष्कार जारी

स्मार्ट हलचल

**मांडल।** मांडल उपखंड कार्यालय में सहकारी समितियों के कर्मचारियों द्वारा उपखंड अधिकारी महोदय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई।

कर्मचारियों ने बताया कि पूरे राजस्थान में सहकारी समितियों के कार्मिकों द्वारा कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से सहकारी समितियों के लिए अलग कैडर गठन करने, ऋण पर्यवेक्षक के पदों पर निर्धारित प्रतिशत के अनुसार नियुक्तियां करने तथा कार्यरत कार्मिकों का नियमितीकरण करने की मांग रखी गई। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक संपूर्ण राजस्थान में कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

इस दौरान जिला कार्यकारी सदस्य कमल सिंह चुंडावत, तहसील अध्यक्ष सुरेश जाट, शंकर सिंह, सुनील शर्मा, रामप्रसाद जोशी, नरेश कुमार गर्ग, गणेश कुमार सुथार, घनश्याम राठौर, मुकेश जाट, पप्पू लाल जाट, जगदीश गाडरी, सालग गाडरी, शांतिलाल शर्मा, अभिषेक राव, शिव सिंह गहलोत एवं महेंद्र चौधरी सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों ने विभिन्न मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

राजस्थान सहकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के आव्हान पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों ने अपनी विभिन्न बकाया मांगो को लेकर के उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास को तहसील क्षेत्र के ग्राम सेवा सहकारी समितियों व्यवस्थापकों एवं सहकार कर्मचारियों उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष सोपात हुसैन मंसूरी उपाध्यक्ष सुमेर सिंह उपाध्यक्ष सद्दाम हुसैन मंसूरी, जिला महामंत्री राजू लाल गुर्जर, पवन कुमार वर्मा राकेश ओझा, गोपाल लाल गुर्जर रईस मंसूरी गजानंद कुमावत, देवीलाल वैष्णव हरिशंकर कुमावत शिवलाल कुमावत बनवारी गिरि गोस्वामी रामेश्वर लाल माली कल्याण गाडरी कैलाश चंद्र कुमावत राहुल कुमार गर्ग उपस्थित थे।

## अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई, 21 घरेलू सिलेंडर और 2 मशीनें जब्त

### रेस्टोरेंट से भी घरेलू व व्यावसायिक सिलेण्डर पकड़े

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

घरेलू गैस सिलेण्डर के दुरुपयोग तथा कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में प्रशासन एवं रसद विभाग की टीमें पूरी तरह से मुस्तैद हैं। विभाग ने शहर में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में सिलेण्डर जब्त किए।

जिला रसद अधिकारी प्रथम सुश्री सृष्टि डबास (प्रशिक्षु आईएएस) के निर्देशन में रसद विभाग के सतर्कता दल ने अवैध गैस रिफिलिंग और जमाखोरी के



खिलाफ कार्रवाई की। प्रवर्तन निरीक्षक विशेष मीणा, डॉ. हिमानी सिंह सोलंकी एवं डॉ. कोमल सिंह सोलंकी की टीम ने विनायक वाटिका के सामने उदयपुर-फतहनगर रोड स्थित एक मकान पर जांच की। इस दौरान मौके से 21 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए तथा दो गैस रिफिलिंग मशीनें स्थापित पाई गईं, जिनमें से एक मशीन से अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करते हुए पाया गया। टीम ने दोनों मशीनों को जब्त कर लिया।

इसी क्रम में प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती मानसी पंड्या और प्रवर्तन निरीक्षक डॉ. हिमानी सिंह सोलंकी की टीम ने सूरजपोल क्षेत्र में भी कार्रवाई की। इस दौरान गणेश रेस्टोरेंट से अवैध रूप से उपयोग में लिए जा रहे चार घरेलू गैस सिलेंडर किचन से बरामद किए गए। वहीं संतोष दालबाटी, सूरजपोल में जांच के दौरान तीन व्यवसायिक गैस सिलेंडर बिना वैध दस्तावेज के पाए जाने पर उन्हें भी मौके पर जब्त कर लिया गया। रसद विभाग की इस कार्रवाई से अवैध गैस रिफिलिंग और जमाखोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, शोर मचाने पर आरोपी फरार

स्मार्ट हलचल | खखरेरू /फतेहपुर

थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार दोपहर घर में अकेली युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। युवती के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी युवक फरार हो गया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तांत्रिको के बहकावे में आकर युवक ने की तीन शादियां, तीसरी पत्नी को घर से निकाला, पत्नी पर बनाया दूसरे लोगो से संबंध बनाने का दबाव, पहली पत्नी ने की थी आत्महत्या

## पांच के खिलाफ मामला दर्ज तांत्रिको ने बोला पांच शादियां करेगा तभी मिलेगा धन और ऐश्वर्य, सुधरेंगे हालात

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में तांत्रिकों के कथित बहकावे में एक युवक द्वारा तीसरी पत्नी को प्रताड़ित कर घर से निकालने के मामले में नया मोड़ सामने आया है। दरअसल, आरोपी दिलखुश की पहली पत्नी प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर चुकी है। जबकि दूसरी पत्नी को भी प्रताड़ना के बाद घर से निकालने का आरोप है। आरोपी पर घर छोड़ने पर मजबूर करने के लिए दूसरे लोगों से संबंध बनाने के दबाव डालने का गंभीर आरोप भी लगा है। भीलवाड़ा जिले के आसींद कस्बा निवासी युवक दिलखुश पर तांत्रिकों के कहने पर अपनी तीसरी पत्नी को प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप है। यह आरोप उसकी पत्नी ने लगाए हैं। पीड़िता पायल जैन ने पुलिस को दी शिकायत में पति और ससुरालियों को लेकर कई गंभीर खुलासे किए हैं। शिकायत के आधार पर आसींद थाने में पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक, आसींद कस्बे के एक संभ्रांत परिवार से जुड़े युवक दिलखुश बुरड़ की पहले ही दो शादियां हो चुकी थीं। इसके बाद उसने लाडपुरा निवासी पायल जैन से 17 नवंबर 2024 को तीसरी शादी की थी। विवाह



समारोह लाडपुरा में आयोजित किया गया था। शुरुआती समय में पति-पत्नी के बीच संबंध सामान्य बताए गए, लेकिन कुछ समय बाद युवक तांत्रिकों के संपर्क में आ गया, जिसके बाद उसके व्यवहार में बदलाव आने लगा। बताया जा रहा है कि तांत्रिकों ने युवक को यह कहकर गुमराह किया कि उसकी किस्मत और जीवन की स्थिति तभी सुधरेगी जब वह पांच शादियां करेगा। पीड़िता का आरोप है कि इस बात को सच मानते हुए दिलखुश बुरड़ ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। महिला के अनुसार पति आए दिन मारपीट करता था और मानसिक रूप से परेशान करता था। हालात धीरे-धीरे इतने बिगड़ गए कि अंततः उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। पीड़िता पायल जैन ने आरोप लगाया कि पति ने उससे करीब दस लाख रुपये की मांग की। इसके अलावा उस पर अपने ननदोई और दोस्तों के साथ संबंध बनाने का दबाव भी डाला गया। महिला के अनुसार जब उसने इसका विरोध किया तो उसके साथ और अधिक दुर्व्यवहार किया गया और आखिरकार उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद वह आसींद कस्बे में किराए के मकान में रहकर किसी तरह अपना गुजारा कर रही थी। महिला का कहना है कि उसने कई बार ससुराल पक्ष से समझौते का प्रयास किया, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। उसका आरोप है कि पति ने उनके वैवाहिक संबंध को लिव-इन रिलेशन बताकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की। महिला के अनुसार जिस पुश्तैनी मकान में वह शादी कर आई थी, उसे भी बेच दिया गया और उसके घर के सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया गया। पीड़िता पायल जैन के अनुसार, उसके पति की पहले भी दो शादियां हो चुकी हैं। पहली शादी कंवलियास में दीपिका से हुई थी, जिसने कथित रूप से प्रताड़ना से परेशान होकर अपने पीहर में आत्महत्या कर ली थी।दूसरी शादी राजाजी का करेड़ा निवासी इंदिरा से की गई थी, जिसे भी बाद में छोड़ दिया गया। पायल का आरोप है कि उसका पति किसी तांत्रिक के कहने पर यह सब कर रहा है और उसका मानना है कि पांचवीं शादी होने पर उसे वैभव और आराम मिलेगा।

# नव साक्षरों ने परीक्षा दे कर मिटाया निरक्षरता का कलंक

## कोटड़ी में 33 केंद्रों पर 3888 महिला-पुरुष ने दी परीक्षा



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 2025-26 के द्वितीय चरण में ब्लॉक की 33 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर परीक्षा केन्द्रों पर 3888 महिला पुरुषों ने पहुंचकर अपने माथे पर लगे कलंक को मिटाने के लिए साक्षरता परीक्षा दी। ब्लॉक साक्षरता समन्वयक शान्ति लाल पोखरना ने बताया कि जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी भीलवाड़ा तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटडी के निर्देशन में जिले से 3800 महिला पुरुषों का परीक्षा लक्ष्य आवंटित किया गया उसके मुकाबले कोटडी ब्लॉक में नव साक्षरों ने उत्साह से भाग लेते हुए लक्ष्य से अधिक 3888 महिला- पुरुष परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर साक्षरता परीक्षा में उपस्थित हुए। परीक्षा केंद्रों पर सुबह 10 बजे से ही नव साक्षर अपने परिवार के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचे। जहां परीक्षा प्रभारी व केंद्र अधीक्षक ने पेपर की जानकारी देते हुए परीक्षा करवाई। खेती में कार्य की अधिकता के बावजूद भी ग्रामीण महिला पुरूष ने निरक्षरता को दूर करने की ठान कर परीक्षा में शामिल हुए। समन्वयक पोखरना ने बताया कि कोटरी ब्लॉक में 33 ग्राम पंचायत में साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई जिसमें केंद्र अधीक्षक व सह केंद्र प्रभारी के अलावा विद्यालय स्टाफ उपस्थित हुए। ब्लॉक समन्वयक ने परीक्षा के सफल संचालन व लक्ष्य को पूरा करने को लेकर सहयोगी कार्मिकों का आभार व्यक्त किया।

# तीन साल से गड्ढों और गंदे पानी से जूझ रहे दो दर्जन गांवों के लोग

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** निकटवर्ती पातलियास ग्राम पंचायत मुख्यालय में पातलियास-पीपली सड़क पर चम्बल विभाग की लापरवाही का खामियाजा पिछले करीब तीन वर्षों से आसपास के दो दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण भुगत रहे हैं।इस मार्ग पर दिनभर वाहनों की आवाजाही रहती है।वही बड़ी संख्या में मजदूर रीको एरिया स्थित फैक्ट्रियों में इसी रास्ते से जाते है।चम्बल विभाग के कर्मचारियों ने सड़क पर जलापूर्ति पाइपलाइन डालने के बाद गड्ढों को सही तरीके से नहीं भरा जिसके कारण यहां बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिनमें हमेशा गंदा पानी भरा रहता है।इससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण शंकरलाल और गोपाललाल ने बताया कि करीब तीन वर्ष पहले चम्बल विभाग ने पीडब्ल्यूडी की भीलवाड़ा-पीपली सड़क को खोदकर जलापूर्ति के लिए पाइपलाइन डाली थी।पाइपलाइन डालने के बाद विभाग ने जल्दबाजी में गड्ढों को भरवा दिया,लेकिन इस दौरान सीमेंट और कंक्रीट की गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।परिणामस्वरूप पहली ही बरसात में सड़क धंस गई और यहां एक से दो फीट तक गहरे गड्ढे बन गए।इन गड्ढों में आसपास की नालियों का गंदा पानी जमा हो जाता है,जिससे सड़क हर समय जलमग्न रहती है।इससे राहगीरों,बाइक सवारों और अन्य वाहन चालकों को आए दिन परेशानी का सामना करना पड़ता है और हादसे का खतरा भी बना रहता है।

# बनकाखेड़ा में विशाल कलश यात्रा के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा

### मंगलवार से श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ शुरू

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे की निकटवर्ती बनकाखेड़ा गांव में मोचड़िया के मण्ड देवनारायण भगवान मंदिर प्रांगण में बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ को लेकर विशाल कलशयात्रा के साथ चारभुजा नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, मंगलवार से महायज्ञ की शुरुआत होगी । श्री बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल के सदस्यों



ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में बनकाखेड़ा में श्री मोचड़िया के मण्ड देवनारायण भगवान के यहां पर मंगलवार को श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ शुरू होगा, जिसमें पांच दिवसीय पंच कुंडीय महायज्ञ में जोड़े आहुतियां लगायेंगे । सोमवार को बनकाखेड़ा सहित ढ़ेलाणा, सोपुरा जाटों का, डसाणिया का खेड़ा, सवाईपुर, सालरिया, ककरोलिया माफी, कंवलियास, चावंडिया, बड़ला गांवों से चारभुजा नाथ सहित कुल 20 बेवाणों की शोभायात्रा मोचड़िया के मण्ड देवनारायण के यहां पहुंची, गांवों से सुबह 9:15 बजे चारभुजानाथ के मंदिरों से कलश यात्रा शुरू हुई, जो दोपहर 12:15 बजे सवाईपुर व बनकाखेड़ा में एक साथ शोभायात्रा शुरू हुई । डीजे व ढोल नगाड़े के साथ कलशयात्रा व शोभायात्रा शुरू हुई, जो नेशनल हाईवे से होते हुए, देवनारायण गेट पर पहुंचे, जहां बुलडोजर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । 321 महिलाएं और बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई, महिला-पुरुष व युवक-युवतियां भजनों पर नाचते गाते हुए चले । 17 मार्च सुबह पूजा-अर्चना के साथ महायज्ञ की शुरुआत होगी । वही 21 मार्च को पूर्णाहुति के दिन दोपहर 2:15 बजे भगवान श्री चारभुजा नाथ और यज्ञ लक्ष्मी का पाणिग्रहण संस्कार होगा । प्रतिदिन रात्रि को भजन संध्या, बगड़ावत कथा का आयोजन होगा।

# भानु शर्मा (आईएएस प्रशिक्षु) अधिशासी अधिकारी का किया सम्मान



स्मार्ट हलचल | शशिकांत शर्मा

वैर कस्वा वीर के नगर पालिका अधिशासी अधिकारी कार्यवाहक भानु शर्मा (आईएएस प्रशिक्षु) का विष्णु दत्त शर्मा वैर (गोठरा वालें) के द्वारा साफा माला एवं परशुराम भगवान का प्रतिक चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया। विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि इस समय कार्य पर कार्यरत काफी अच्छा एवं सफाई, बिजली आदि व्यवस्थाएं कस्बा अच्छी है कार्य की प्रशंसा की गई।

# मित्तल दम्पति ने लिया देहदान का संकल्प, मेडिकल शिक्षा के लिए सौंपा संकल्प पत्र



स्मार्ट हलचल | कोटा

शॉपिंग सेंटर निवासी ओमप्रकाश मित्तल (71) एवं उनकी पत्नी अंजना मित्तल (68) ने परिवारजनों की उपस्थिति में देहदान का संकल्प लेते हुए कोटा न्यू मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के नाम लिखित संकल्प पत्र भरा।

यह संकल्प महर्षि दधीचि छात्रावास समिति के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा तथा सलाहकार नरेन्द्र मोहन दाधीच की उपस्थिति में लिया गया,उनके मार्गदर्शन में मित्तल दम्पति ने समाजहित की भावना से देहदान का निर्णय लिया।

दाधीच समाज के अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने बताया कि समाज लंबे समय से देहदान के प्रति जागरूकता फैलाने और इस महादान को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समाज के सलाहकार नरेन्द्र मोहन दाधीच ने बताया कि अब तक समाज के माध्यम से चार देहदान की प्रक्रिया करवाई जा चुकी है, जिनमें से दो देहदान पूर्ण हो चुके हैं। साथ ही अन्य समाजों के लोगों को भी इस अमूल्य दान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मित्तल दम्पति ने कहा कि देहदान एक महादान है, जो चिकित्सा विज्ञान के लिए अत्यंत उपयोगी है। मृत्यु के पश्चात मानव शरीर मेडिकल छात्रों की पढ़ाई एवं शोध कार्य में सहायक होता है, जिससे भविष्य में कई लोगों को जीवनदान मिलने की संभावनाएं बढ़ती हैं।

# पूर्व मंत्री आंजना ने 'एक तू ही तू है' गीत के पोस्टर का किया विमोचन

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

छवि छाया फिल्म क्रिएशन के बैनर तले एवं द विनोद जोशी प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत होने जा रहे नए म्यूजिक गीत 'एक तू ही तू है' के पोस्टर का प्रमोशन एवं विमोचन सोमवार को सुबह 11: 15 बजे पेच एरिया परिसर स्थित कांग्रेस कार्यालय में राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री आंजना ने पोस्टर का औपचारिक विमोचन करते हुए गीत से जुड़ी पूरी टीम को शुभकामनाएं दी तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि



क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनती हैं।

बताया गया कि 'एक तू ही तू है' गीत में गायक सुरेश राव गुर्जर ने अपनी आवाज दी है, जबकि संगीत सागर नागौरी एवं उनकी जयपुर टीम द्वारा तैयार किया गया है। गीत में बंबोरी निवासी अभिनेता रंजीत सिंह पंवार एवं रवीना अरोरा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह गीत आगामी 27 मार्च 2026 को रिलीज किया जाएगा।

इस दौरान कार्यक्रम में गणपत जणवा, नंद किशोर जणवा, श्याम सुंदर धाकड़, अनिल धाकड़, हुकम सिंह राजपूत, रवि वैष्णव, हिम्मत सिंह, कैलाश जणवा, भरत जणवा, गोपाल सिंह, अभिषेक सिंह, विकास धाकड़, ईश्वर जणवा, आशुतोष टांक एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# पुराने उप जिला अस्पताल के सामने से हटाया अतिक्रमण

## वेश कीमती भूमि पर किये गये अतिक्रमण को नगर पालिका प्रशासन ने हटा दिया

स्मार्ट हलचल

**वैर।** उप जिला अस्पताल के पास वेश कीमती भूमि पर किये गये अतिक्रमण को नगर पालिका प्रशासन ने हटा दिया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नगर पालिका अधिशासी अधिकारी भानु शर्मा (आईएएस प्रशिक्षु) के निर्देशन में की गई । इस भूमि पर एक बड़ा खोका लगाकर लैब चलाई जा रही थी जिसका लंबे समय से नगर वासी विरोध कर रहे थे। गत दिवस जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा की गई जनसुनवाई के दौरान निरीक्षण के समय भी लोगों ने इस मुद्दे को उठाया था उसके



दूसरे ही दिन इस अतिक्रमण को नगरपालिका प्रशासन ने हटा दिया जिसका नागरिकों ने आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि अन्य अतिक्रमण को भी इसी प्रकार नगर पालिका प्रशासन द्वारा हटाया जाना चाहिए।

# हिंडौन बयाना मार्ग पर कैला देवी पद यात्रियों के लिए कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने लगाए भंडारे, आव भगत में जुटे लोग

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं हरियाणा से कैला देवी जाने वाले पद यात्रियों के लिए कस्बा सूरौठ में हिंडौन बयाना मार्ग पर कई स्थानों पर भंडारे शुरू किए गए हैं। पद यात्रियों की आव भगत में क्षेत्र वासी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हिंडौन बयाना मार्ग स्थित फिजिकल कॉलेज के पांडाल में केला माता के भंडारे का शुभारंभ किया गया । आदर्श शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के निदेशक ओजस शर्मा व कार्यालय प्रभारी विनोद तिवाड़ी ने बताया कि भंडारे का पूर्व नगर पालिका



अध्यक्ष प्रतिनिधि रामावतार शर्मा ने मां भगवती की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आचार्य ब्रह्मानंद शास्त्री ने मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवाई। भंडारे में पद यात्रियों को प्रसादी, पेयजल, आवास, चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है। भंडारे के उद्घाटन कार्यक्रम में राजस्थान जन उत्थान समिति के अध्यक्ष स्वदेश शर्मा, शूटिंग वॉल सचिव विश्राम मीणा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, देवी सिंह, रविंद्र पाल सिंह सहित काफी लोग उपस्थित रहे। इसी तरह जांगिड़ ब्राह्मण धर्मशाला में आदि गौड़ ब्राह्मण समाज की ओर से पदयात्रियों के लिए भंडारा लगाया जा रहा है। सूरौठ नवयुवक मंडल की ओर से इंदिरा गांधी स्कूल के पास भंडारा लगाया गया है। भंडारों में पद यात्रियों को प्रसादी, पेयजल एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# आदिगौड़ ब्राम्हण समाज ने धूमधाम से मनाया फाग उत्सव एवं होली स्नेह मिलन



स्मार्ट हलचल | कोटा


आदिगौड़ ब्राम्हण सभा, कोटा का फागोत्सव व होली स्नेह मिलन समारोह गौड़ेश्वर हनुमान मन्दिर, जवाहर नगर में उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया । गौड़ ब्राम्हण महासभा कोटा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने बताया की कार्यक्रम की शुरूआत समाज के कोटा महानगर अध्यक्ष घनश्याम शर्मा (लालाहेड़ा) ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया, इसके बाद समाजबन्धुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर तो महिलाओं ने राधा कृष्ण के गीत गाते हुए फूलों से होली खेल फागोत्सव मनाया । इस अवसर पर आदिगौड़ ब्राम्हण महासभा के महामंत्री अनिल गौड़, गौड़ेश्वर हनुमान मन्दिर समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा, महामंत्री कुन्ज बिहारी शर्मा, ब्राम्हण सभा कोटा महानगर के राजेन्द्र शर्मा, लक्ष्मीचन्द गौड़, कैलाश नारायण शर्मा, बालकृष्ण शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, भीमराज शर्मा, राम प्रताप शर्मा, आनन्द मिश्रा, विष्णुकान्त शर्मा, कमलकान्त शर्मा, गोपाल शर्मा, चन्द्र प्रकाश शर्मा, भैरूलाल शर्मा, रामेश्वर प्रसाद शर्मा, तुलसीराम शर्मा, परमानन्द शर्मा, जानकीलाल शर्मा, माणकचन्द शर्मा, मोहन लाल शर्मा, मन्जु हरित, मधु शर्मा, कमलेश, विजय लक्ष्मी, रश्मि शर्मा, अर्चना शर्मा, कलावती, साधना शर्मा, स्नेहलता शर्मा, सहित आदिगौड समाज के गणमान्य महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन पुरूषोत्तम शर्मा ने किया, सभी उपस्थित समाजबन्धुओं ने समारोह के पश्चात हनुमान जी की पूजा अर्चना कर आरती में भाग लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया।

# जाटव समाज के सूरौठ तहसील अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न

## परसादी लाल जाटव तहसील अध्यक्ष निर्वाचित

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

जाटव समाज के सूरौठ तहसील अध्यक्ष का चुनाव यहां जटवाड़ा मार्ग स्थित समाज के शिव मंदिर परिसर में करवाया गया। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जाटव समाज के सभी लोगों ने सूरौठ निवासी परसादी लाल जाटव बाबूजी को निर्विरोध तहसील अध्यक्ष निर्वाचित किया। जाटव समाज के पंच पटलों ने बताया कि जिला जाटव सुधार समिति दोसा करौली सवाई माधोपुर 360 गांव की शाखा तहसील सूरौठ के अध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु जाटव समाज की आम सभा शिव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। आमसभा में जिला जाटव समाज सुधार समिति 360 गांव के अध्यक्ष हट्टी राम ठेकेदार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता भगवत राम जाटव मिल्की पुरा ने की। आम सभा में काफी संख्या में क्षेत्र के जाटव समाज के लोग



एवं पंच पटेल उपस्थित रहे। सभी लोगों ने आम सहमति से परसादी लाल जाटव को जाटव समाज का तहसील अध्यक्ष चुना। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद समाज के सभी लोगों ने नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष परसादी लाल का साफे व मालाएं पहनाकर सम्मान किया। आमसभा में जाटव समाज प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक ताराचंद जाटव, हिंडौन तहसील अध्यक्ष बबलू चौरसिया, नेमीचंद मेहगांव, युवा अध्यक्ष हरिओम ठेकेदार सहित काफी लोगों ने समाज सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर परिचर्चा की।

# बायतु में मुस्लिम नवयुवक मंडल की इफ्तार पार्टी में दिखी कौमी एकता की मिसाल

## जनप्रतिनिधियों व समाज के लोगों ने मिलकर दिया भाईचारे का संदेश

स्मार्ट हलचल

**बायतु।** पवित्र रमजान माह के दौरान बायतु में मुस्लिम नवयुवक मंडल द्वारा स्थानीय जामा मस्जिद बायतु में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत कर सामूहिक रूप से इफ्तारी की। इस अवसर पर विभिन्न समाजों के लोगों की उपस्थिति से कौमी एकता और आपसी भाईचारे की शानदार मिसाल भी देखने को मिली।

इफ्तार से पहले रोजेदारों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। अजान के साथ ही रोजेदारों ने खजूर व पानी से रोजा खोलकर इफ्तार किया। कार्यक्रम में मुस्लिम समाज



के मौजिज लोग, बुजुर्ग, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

इस अवसर पर बायतु प्रधान सिमरथाराम चौधरी, डूंगरराम काकड़ बीसीसी पूर्व अध्यक्ष , कवराराम जानी, ओमपुरी गोस्वामी तथा बाड़मेर कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम ख़ान सऊ सहित कई गणमान्य लोगों ने इफ्तार में शामिल होकर कौमी एकता का संदेश दिया।

इफ्तार पार्टी में मौलाना सफी मोहम्मद, नसार खान, बाबू खान, हनीफ खान, सुबान खान, हनीफ खान (पुराना गांव), भूर खान सहित अनेक मोमिन भाई व रोजेदार मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन रोशन सोलंकी द्वारा किया गया। अंत में मुस्लिम नवयुवक मंडल के सदस्यों ने सभी अतिथियों व रोजेदारों का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि रमजान का पवित्र महीना इंसानियत, सेवा और भाईचारे का पैगाम देता है तथा ऐसे आयोजन समाज में आपसी सौहार्द और एकता को और मजबूत करते हैं।

# ब्यावर में 14 को निकलेगी रैली: दीपदान और आतिशबाजी भी होगी, अम्बेडकर जयंती समारोह की रूपरेखा तय

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर एकीकृत संस्था की बैठक संस्था अध्यक्ष ईश्वर तंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें आगामी अंबेडकर जयंती समारोह 2026 के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई। बैठक की शुरुआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

संस्था सचिव विनोद मिंडल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंबेडकर जयंती का पर्व जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर होगा, जिसमें एक रैली निकाली जाएगी। इस दौरान



अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही, राजकीय सेवा में नव नियुक्त सेवाकर्मियों, नवचयनित नोटरी पब्लिक तथा नए अधिवक्ताओं का भी सम्मान समारोह आयोजित होगा।

कार्यक्रमों की शुरुआत 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगी। 12 अप्रैल को अंबेडकर प्रश्नोत्तरी लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। जयंती की पूर्व संध्या, यानी 13 अप्रैल को डीजे के साथ दीपदान एवं आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है।

बैठक में अंबेडकर प्रश्नोत्तरी लिखित परीक्षा का प्रभार महेश ओलानिया एवं गुरुशरण गोयल को सौंपा गया। विभिन्न सम्मान समारोहों की सूचियां तैयार करने की जिम्मेदारी एडवोकेट हेमंत चंदेल, मगन सोलंकी, मुकेश गोयर, अजय तंवर तथा ताराचंद वर्मा को दी गई।

वहीं, दीपदान, आतिशबाजी और डीजे कार्यक्रम की जिम्मेदारी तिलोक तालेपा, सुनील तालेपा, चिराग मेघवाल, निशा रानी और कंचन तंवर को सौंपी गई है। संस्था की ओर से वर्ष 2025 में 10वीं एवं 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया जाएगा। बैठक में उपाध्यक्ष लूणाराम तंवर, अर्जुनराम दुखाड़िया, कोषाध्यक्ष शशिकांत. जगदीश कॉमरेड. सरमाराम कतिरिया रतनसिंह हेजु, चंद्रभान कुड़िया, भंवरलाल पिंडयार, हीरालाल जीनगर, अभिषेक नागौरा, बाबूलाल गुजरिया, राधेश्याम कटारिया, पारसमल जागरीवाल, लेखराज कंवरिया सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## उदयपुर के आशीष, चेष्टा और विकास का राजस्थान वॉलीबॉल टीम में चयन





स्मार्ट हलचल |उदयपुर

भुवनेश्वर में आयोजित 26वी यूथ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उदयपुर के आशीष चौधरी, चेष्टा खोईवाल का राजस्थान टीम में चयन हुआ। जिला वॉलीबॉल संघ के सचिव हेमराज सोनवाल ने बताया कि जयपुर में राजस्थान वॉलीबॉल टीम का आरवीए एकेडमी में एसएमएस में शिविर लगाया गया जिसमें दोनों खिलाड़ियों का खेल के आधार पर चयन किया गया।इसी प्रकार सीनियर नेशनल बीच वॉलीबॉल जो कि 9 मार्च से 12 मार्च तक पांडिचेरी मैं आयोजित किए गए उसमें उदयपुर रुनडेरा के विकास लोहार का राजस्थान बीच वॉलीबॉल टीम मैं चयनित किया गया। राजस्थान वॉलीबॉल संघ के सह सचिव प्रभुलाल जाट ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उदयपुर से निरंतर राजस्थान टीम मै खिलाड़ियों का चयन होना उदयपुर के लिए गर्व की बात बताया। इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के सभी पदाधिकारी डी एन धाभाई, जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी, अजीत जैन, सुरेश खोईवाल, भगवान स्वरूप वैष्णव, गोपाल मेहता, मनोज सरसिया, प्रकाश माली, बलवंत चौधरी, नरेश पालीवाल, रोशन पटेल, शशांक जोशी, अनुभव कोदली, विनोद मेनारिया अजय मोगरा, हरि किशन सुथार, धनराज चांवरिया, गणपत मेनारिया, गौरव कुमावत, दिनेश मेनारिया, खेल प्रेमियों ने बधाई प्रेषित की।

## बसपा संस्थापक की जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम की जयंती चांगगेट स्थित स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष बिरदीचंद खोरवाल के नेतृत्व में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने काशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

साथ ही समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय कांशीराम ने सामाजिक न्याय, समानता और बहुजन समाज के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने दलित, पिछड़े और वंचित वर्गों को राजनीतिक और सामाजिक रूप से जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष भरत बाघमार, पूर्व पार्षद घनश्याम फुलवारी, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अज्जमत काठात, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सामरिया, पूर्व पार्षद दिनेश बैरवा, पूर्व पार्षद मोहन फौजदार, भगवान तंवर, राहुल सामरिया, दीपक सिंगारिया, हीरालाल बालोटिया, अजय खोरवाल, सनी, निखिल, छगन कटिरिया, राकेश, पंकज सहित अन्य उपस्थित रहे।

## नदी में डूबने से 6 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

स्मार्ट हलचल | खखरेरू फतेहपुर

थाना क्षेत्र के भुरूही गांव में सोमवार सुबह नदी में डूबने से छह वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार भुरूही गांव निवासी सोनू पाल का छह वर्षीय पुत्र अंश कुमार सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे अपने साथियों



के साथ घर से लगभग 300 मीटर दूर स्थित ससुर खदेरी नदी के किनारे खेलने चला गया था। खेलते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नदी के गहरे पानी में चला गया।

साथ खेल रहे बच्चों ने दौड़कर घर पहुंचकर अंश की मां नीलू देवी को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद बच्चे को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद उसे आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से मां नीलू देवी और तीन वर्षीय भाई प्रियांशु का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बताया जा रहा है कि अंश के पिता सोनू पाल रोजी-रोटी कमाने के सिलसिले में बेंगलुरु में रहते हैं। बेटे की मौत की सूचना मिलने के बाद वह घर के लिए रवाना हो गए हैं और देर शाम तक गांव पहुंचने की संभावना है। थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पंडितों पर मधुमक्खियों ने किया हमला



### 13 घायलों को अस्पताल ले ज़ाया गया

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में स्थित पुरुहुता पहाड़ी पर चामुंडा माता के दर्शन करने गए महा यज्ञ में आए पंडितों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया । जिसके कारण 13 से अधिक घायल हो गये । सभी को पुष्कर अस्पताल में पहुंचाया गया, जिनका इलाज किया जा रहा है ।वही तीन पंडितों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में महायज्ञ में आए पंडित अस्पताल पहुंच गए ।

ज्ञातव्य हो कि पुष्कर में महामण्डलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज द्वारा विद्वान पंडितों द्वारा 43 दिवसीय यज्ञ हो रहा है । वहीं से पंडित निकट ही चामुंडा माता मंदिर के दर्शन करने गये थे।

## ट्रैक्टर से गिरकर युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या की साजिश का आरोप

स्मार्ट हलचल | खखरेरू / फतेहपुर

थाना क्षेत्र के हरदासपुर सराफन मार्ग पर रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर से गिरकर युवक की पहिए के नीचे दबने से मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने ट्रैक्टर चालक समेत चार लोगों पर लापरवाही ही नहीं बल्कि हत्या की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

तारापुर गांव निवासी सोम प्रकाश ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बहनोई कमलेश कुमार (पुत्र स्व. बाबूलाल), निवासी ग्राम रारी थाना किशनपुर 15 मार्च की शाम गांव के ही हरगोविंद सिंह उर्फ दद्दू सिंह और विकास सिंह के बुलावे पर उनके साथ गए थे। बताया गया कि सभी लोग ट्रैक्टर की ट्रॉली में लाही का भूसा लादकर भदौंहा स्थित एक ईंट भट्ठे की ओर जा रहे थे।

परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर को दिनेश कुमार चला रहा था रक्षपालपुर और हरदासपुर सराफन के बीच बरगद के पेड़ के पास मोड़ पर चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से ट्रैक्टर मोड़ दिया। अचानक झटका लगने से कमलेश ट्रैक्टर से नीचे गिर गए और ट्रैक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की बहन राजपति और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से कमलेश को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खखरेरू ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के साले ओम प्रकाश ने आरोप लगाया है कि हरगोविंद, विकास, दिनेश और सौरभ ने मिलकर उनके बहनोई की हत्या की है। उन्होंने मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी विद्या प्रकाश सिंह ने बताया कि पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## प्रदर्शनी हस्तशिल्प उत्पाद खरीद हेतु 19 मार्च तक चलेगी

### प्रदर्शनी व मेला अरबन हाट में 19 मार्च तक

स्मार्ट हलचल

अजमेर। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित एक जिला एक उत्पाद प्रदर्शनी व मेला अरबन हाट में 19 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक लगेगा। इस प्रदर्शनी में 45 स्टॉल लगाई गई है। इसके साथ-साथ पंच गौरव के अंतर्गत चयनित एक जिला एक उपज गुलाब, एक जिला एक खेल कबड्डी, एक जिला एक प्रजाति नीम तथा एक जिला एक पर्यटन स्थल पुष्कर की स्टॉल भी लगाई गई है। इस मेले में आमजन हस्तशिल्प उत्पाद उचित मूल्य पर खरीद सकते है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान एक जिला एक उत्पाद मार्बल एवं ग्रेनाइट की एक स्थाई स्टॉल का शुभारंभ भी किया गया। यह स्टॉल अरबन हाट में हमेशा संचालित रहेगी। इसके संचालित होने से आमजन को मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद उचित मूल्य पर हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इसी प्रकार पंच गौरव के अंतर्गत एक जिला एक उत्पाद मार्बल एवं ग्रेनाइट की पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

वैशाली नगर स्थित अर्बन हाट में सोमवार को एक जिला एक उत्पाद के संबंध में कार्यशाला का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इसमें पंच गौरव एवं एक जिला एक उत्पाद के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जाएगी। जिले में उद्योगों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा होगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर सुश्री ज्योति ककवानी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के श्री फूल सिंह एवं श्री कृष्ण गोपाल सिंह, उद्यान विभाग के उपनिदेशक श्री के. पी. सिंह एवं पर्यटन विभाग के श्री प्रद्युमन सिंह उपस्थित रहे।

## रेत की लकीरों से रची इतिहास की इबारत: पुष्कर के सैंड आर्टिस्ट अजय रावत को मिला महाराणा सज्जन सिंह पुरस्कार

### कला साधना को मिला बड़ा सम्मान

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर की पवित्र रेत से जन्मी कला आज भी पूरे प्रदेश में सम्मान का कारण बन गई है। वर्षों की साधना, मेहनत और अद्भुत कल्पनाशक्ति के बल पर रेत को जीवंत कलाकृति में ढालने वाले पुष्कर के सैंड आर्टिस्ट को महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के प्रतिष्ठित 'महाराणा सज्जन सिंह पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान ने न केवल कलाकार की कला साधना को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है, बल्कि पूरे पुष्कर शहर का मान भी बढ़ाया है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद कलाकार ने भावुक शब्दों में कहा



कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का आशीर्वाद है जिन्होंने उनके संघर्ष के दिनों में उनका साथ दिया और उन पर विश्वास बनाए रखा। उन्होंने कहा कि उनकी कला यात्रा की शुरुआत बेहद साधारण परिस्थितियों में हुई थी, जब वे पुष्कर की रेत पर छोटी-छोटी और कभी-कभी टूटी-फूटी रंगोलियां बनाकर अपनी कल्पनाओं को आकार देने की कोशिश करते थे।

कलाकार ने विशेष रूप से पुष्कर के मीडिया जगत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब उनकी कला को पहचान मिलने की शुरुआत भी नहीं हुई थी, तब स्थानीय मीडिया ने उनकी प्रतिभा को मंच दिया और लगातार उनके कार्यों को लोगों तक पहुँचाया। मीडिया के इस प्रोत्साहन ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और आत्मविश्वास को मजबूत किया।

उन्होंने कहा कि पुष्कर की रेत उनके लिए केवल मिट्टी नहीं बल्कि एक कैनवास है, जिस पर वे अपनी भावनाओं, संस्कृति और संदेशों को उकेरते हैं। वर्षों की अथक मेहनत और समर्पण के बाद आज जब उनकी कला को इतने प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है तो यह क्षण उनके लिए बेहद भावुक और गौरवपूर्ण है।

महाराणा सज्जन सिंह पुरस्कार मेवाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कला परंपरा को बढ़ावा देने के लिए दिया जाने वाला अत्यंत प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। ऐसे सम्मान से नवाजे जाना किसी भी कलाकार के लिए बड़ी उपलब्धि होती है।

पुष्कर के इस कलाकार की उपलब्धि से पूरे शहर में खुशी और गर्व का माहौल है। शहरवासियों का मानना है कि रेत से अद्भुत कलाकृतियाँ गढ़ने वाले इस कलाकार ने पुष्कर की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश भी देती है कि यदि लगन, मेहनत और विश्वास हो तो साधारण रेत भी असाधारण इतिहास रच सकती है।

## 240 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

स्मार्ट हलचल

**मंडावर (दौसा)।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंडावर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 240 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक दौसा सागर राणा के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र फौजदार के मार्गदर्शन में, वृत्ताधिकारी महवा मनोहरलाल मीणा के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई।थानाधिकारी मंडावर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 15 मार्च को मंडावर से गोपालगढ़ जाने वाली सड़क पर पानी की टंकी के पास कार्रवाई कर अभिषेक उर्फ बिट्टू सैन (33) निवासी मामोडिया मोहल्ला महवा को 240 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा और मोटरसाइकिल नंबर 'छ्व 29 रुस् 2654 जब्त कर ली है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल राजकुमार, पंकज कुमार, गजेन्द्र सिंह और बने सिंह शामिल रहे।

## अजमेर के नए एसपी का एक्शन प्लान: नशे के कारोबार पर सख्ती, गैंगस्टरों को शरण देने वालों पर भी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला ने सोमवार को पदभार ग्रहण करते ही जिले की कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सख्त एक्शन प्लान तैयार किया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने सभी सीओ और थाना प्रभारियों के साथ बैठक कर अपराध नियंत्रण और जनविश्वास बढ़ाने के निर्देश दिए।

एसपी अग्रवाला ने कहा कि राज्य सरकार और पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताओं को जमीनी स्तर पर लागू करना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य आम जनता में विश्वास और अपराधियों में भय कायम करना है, जिसके लिए टीमवर्क के साथ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

अजमेर से पकड़े गए आरोपी



के मामले में एसपी ने बताया कि पुलिस विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के संपर्क में है। जांच में यदि किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान एटीएस सहित अन्य एजेंसियां इस मामले में लगातार जांच कर रही हैं।

नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताते हुए एसपी ने कहा कि नशे की समस्या की एक बड़ी वजह इसकी मांग है। यदि समाज में इसकी मांग कम हो जाए तो इसका कारोबार अपने आप कम हो जाएगा। इसके बावजूद पुलिस टीमवर्क के साथ जिले में नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

उन्होंने कहा कि अजमेर एक प्रमुख धार्मिक नगरी है, इसलिए यहां धार्मिक सौहार्द बनाए रखना बेहद जरूरी है। दरगाह शरीफ और पुष्कर सहित सभी धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक को लेकर भी एसपी ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समय के साथ सड़कों की चौड़ाई उतनी नहीं बढ़ी, लेकिन वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस विशेष योजना के तहत काम करेगी।

इसके अलावा छोटे-मोटे विवादों और पति-पत्नी के झगड़ों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि समाज में सौहार्द बना रहे। एसपी अग्रवाला ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी गैंगस्टर या अपराधी को शरण न दें। यदि किसी को ऐसी जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर शहर का माहौल सुरक्षित रखा जा सके।

## मोदी सरकार ने पहले नोटबन्दी फिर खाद और अब गैस सिलेंडर के लिए लाइनों में खड़ा कर दिया: जाड़ावत

### गैस की किल्लत से राहत दिलाने के लिए राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ को गैस किल्लत दूर करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि कलेक्ट्रेट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर खाली गैस टंकी के साथ प्रदर्शन किया।

पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कहा कि अन्तराष्ट्रीय तनाव के चलते भारत मे गैस की किल्लत आ रही है, ऐसी स्थिति मे जनता मे भोजन बनाने खाने का डर फैल रहा हैं। वर्तमान में हमारे क्षेत्र में मांगलिक कार्य अधिक चल रहे है ऐसे कॉर्मशियल सिलेण्डरों के दाम बढाना आपदा में अवसर के समान है। एक तरफ शादी ब्याह मुण्डन व रमजान मे खुशियों बांटी जा रहे है ऐसे सरकार भी आमजन की खुशियों मे शामिल होकर



राहत देने के स्थान पर उन खुशियों मे व्यवधान पैदा किया जा रहा है। आज देश की जनता गैस के लिए लाईनों मे लगी है, सिलेण्डर नही मिल रहे कहीं ओटीपी नही आ रहे आज आमजन परेशान हो रहा हैं हमारे क्षेत्र मे लोग गैस की किल्लत को देखते हुए वापस लकडी पर निर्भरता की और बढ़ रहे है। ज्ञापन में कहा कि पूर्व मे जनता जिस प्रकार नोटबंदी व कुछ समय पूर्व किसान युरिया के लिए लाईन मे लगा व बहुत हृदय विदारक दृश्य सामने आये वही हालात गैस की किल्लत से बनते दिख रहे हैं। महामहिम राष्ट्रपति से अनुरोध करते हुआ कहा कि केन्द्र सरकार को पाबन्द कर गैस सिलेण्डरो की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही मुल्य वृद्धिपूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाए ताकि जनता को इस परेशानी से निजात मिले।

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, सरपंच संघ अध्यक्ष रविराज सिंह जाड़ावत, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, कमल गुर्जर, जिला प्रवक्ता राजेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com